दैनिक

डिजिटल राष्ट्रीय डेली न्यूज़ पेपर दैनिक लोकतंत्र की आवाज़ बिहार से प्रकाशित सम्पूर्ण बिहार,झारखंड, उत्तर प्रदेश मे प्रसारित!

Digital Daily News Paper

# लोकतंत्र की आवाज

● नवादा से प्रकाशित ● नवादा रविवार 02 मार्च 2025 ● वर्ष : 03 अंक : 543



## संक्षिप्त खबरें ।

### बिहार में नीतीश कुमार या बदलेगी सरकार? चुनाव से पहले सी वोटर के सर्वे में चौकाने वाले आंकड़े



**लोक तंत्र की आवाज़**

**पटना।** बिहार में इसी साल विधानसभा चुनाव होने वाले हैं और इससे पहले सी–वोटर का नया सर्वे सामने आया है. इस सर्वे के मुताबिक करीब 50 प्रतिशत लोग सरकार से नाराज हैं और बदलाव चाहते हैं. वहीं 22 प्रतिशत लोग सरकार से तो नाराज हैं, लेकिन बदलाव नहीं चाहते. 25 प्रतिशत लोगों ने साफ कहा कि वे न तो नाराज हैं और न ही सरकार बदलने के पक्ष में हैं। सर्वे के आंकड़े बताते हैं कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की लोकप्रियता में भारी गिरावट आई है. 41 प्रतिशत लोग तेजस्वी यादव को अगला मुख्यमंत्री बनते देखना चाहते हैं जबकि मात्र 18 प्रतिशत लोग नीतीश कुमार को दोबारा सीएम पद पर देखना चाहते हैं. वहीं 15 प्रतिशत लोगों ने प्रशांत किशोर को, 8 प्रतिशत ने बीजेपी के सम्राट चौधरी को और 4 प्रतिशत लोगों ने चिराग पासवान को मुख्यमंत्री पद के लिए अपनी पसंद बताया।

**लोगों के लिए सबसे बड़ा चुनावी मुद्दा क्या? :** बिहार में इस बार चुनावी मुद्दों में बेरोजगारी सबसे बड़ा मुद्दा बनकर उभरा है. 45 प्रतिशत लोगों ने इसे अपनी प्राथमिकता बताया. इसके बाद 11 प्रतिशत लोगों ने महंगाई को सबसे अहम मुद्दा माना जबकि 10 प्रतिशत लोगों के लिए बिजली, पानी और सड़कें प्राथमिकता हैं. केवल 4 प्रतिशत लोगों ने कृषि से जुड़े मुद्दों और भ्रष्टाचार पर वोट देने की बात कही।

**एनडीए को होगा फायदा या नुकसान? :** पिछले विधानसभा चुनावों में राजद ने 75 सीटें जीतकर सबसे बड़ी पार्टी का दर्जा हासिल किया था जबकि बीजेपी ने 74 और जेडीयू ने 43 सीटों पर जीत दर्ज की थी. हालांकि मौजूदा सर्वे के अनुसार महागठबंधन को इस बार लोकसभा में केवल 5 से 7 सीटें मिलने का अनुमान जताया गया है. वहीं एनडीए को 33 से 35 सीटें मिलने की संभावना बताई जा रही है जिससे उसके प्रदर्शन में बड़ा सुधार दिख रहा है।

## बगल में खड़े थे शशि थरूर, कांग्रेस हाईकमान ने नेताओं को दे दी चेतावनी, कहा-ऐक्शन लेने पर हो जाएंगे मजबूर

**लोक तंत्र की आवाज़**



**तिरुवनंतपुरम।** कांग्रेस लीडरशिप ने केरल में पार्टी की चुनावी संभावनाओं को नुकसान पहुंचाने वाले किसी भी 'अनादरपूर्ण' बयान के खिलाफ कड़ी चेतावनी जारी की है. यह ऐसे समय में हो रहा है, जबकि राज्य में आगामी स्थानीय निकाय और विधानसभा चुनावों पर चर्चा तेज हो गई है. कांग्रेस के शीर्ष नेताओं और केरल के नेताओं के साथ एक हाईलेवल बैठक के बाद, एआईसीसी प्रभारी दीपा दासमुंशी ने स्पष्ट कर दिया कि पार्टी अपनी स्थिति को कमजोर करने वाले किसी भी बयान पर सख्त कार्रवाई करेगी।

दासमुंशी ने कहा, पहले स्थानीय निकाय चुनाव है, फिर विधानसभा चुनाव. हमें कैसे चुनाव लड़ना चाहिए, हमारी रणनीति क्या होगी, हमारा रोडमैप क्या होगा झ सभी सदस्यों ने इस पर बात की है. हमें अपने हाईकमान से स्पष्ट संकेत मिला है कि कांग्रेस केरल के लोगों से बहुत जुड़ी हुई है. लोग बदलाव की तलाश में हैं, इसलिए हमें ऐसा कुछ नहीं करना चाहिए जिससे केरल के लोगों का अनादर हो. यह एक स्पष्ट संकेत था, और यदि कोई व्यक्तिगत रूप सेझ्ञ उनकी राय मीडिया में आती है, तो हम उस पर कड़ी कार्रवाई करेंगे क्योंकि हमें केरल के लोगों का अनादर करने का कोई अधिकार नहीं है।

दासमुंशी ने ये बातें कांग्रेस सांसद शशि थरूर और एआईसीसी महासचिव के सी वेणुगोपाल के साथ खड़े होकर कहीं. उन्होंने मीडिया रिपोर्टों का खंडन करते हुए कहा, ₹ मीडिया यह धारणा दे रहा है कि केरल में कांग्रेस पार्टी में एकता नहीं है, जो कि गलत है. नेता एलडीएफ और बीजेपी के खिलाफ मजबूती से एकजुट हैं. नेता एक स्वर में बोलेंगे। दक्षिणी राज्य में कांग्रेस के कैम्पेन पर विस्तार से बताते हुए, उन्होंने कहा, ₹ अगले कुछ महीनों में कई कार्यक्रम निर्धारित किए गए हैं, जिन पर चर्चा की गई है, और अप्रैल में एक वार्ड अध्यक्ष राज्य सम्मेलन होगा जिसमें मल्लिकार्जुन खरगे, राहुल गांधी और प्रियंका गांधी शामिल होंगे. यह केरल कांग्रेस के कार्यकर्ताओं के लिए शुरुआती प्रोत्साहन होगा। इस बीच, समाचार एजेंसी पीटीआई से बात करते हुए, दीपा ने किसी विशेष कांग्रेस नेता पर चर्चा से इनकार किया. उन्होंने कहा, चर्चा किसी विशेष व्यक्ति या नेता के बारे में नहीं थी. यह एक सामान्य चर्चा थी जो केरल में कांग्रेस की रणनीति और रोडमैप के बारे में थी और किस तरह से कहानी को स्थापित किया जाना चाहिए।

उल्लेखनीय है कि बीते दिनों शशि थरूर ने केरल की सत्तारूढ़ सीपीएम की कुछ नीतियों की प्रशंसा की थी, इसके बाद से उनके भाजपा या माकपा में शामिल होने की अटकलें लगाई जाने लगी थीं. थरूर ने एक इंटरव्यू के दौरान भी कहा था कि वह पार्टी के लिए उपलब्ध हैं।

## तेजस्वी–चिराग सबको खदेड़ेंगे निशांत, नीतीश हरनौत सीट से बेटे को लड़ाने जा रहे चुनाव



**लोक तंत्र की आवाज़**

**पटना।** बिहार विधानसभा चुनाव को लेकर राज्य में सियासी सरगर्मी तेज है। इस बीच सियासी गलियारों में यह चर्चा खूब हो रही है कि नीतीश कुमार अपने बेटे निशांत की पॉलिटिकल लॉन्चिंग करने जा रहे हैं। बताया जा रहा है कि निशांत कुमार का नालंदा की हरनौत विधानसभा सीट से चुनाव लड़ना लगभग–लगभग तय हो चुका है। बता दें कि नीतीश भी इस सीट से पहले चुनाव लड़ चुके हैं।

**नीतीश यहां से चार बार लड़ चुके हैं चुनावः** बिहार के सीएम नीतीश कुमार हरनौत सीट से चार बार विधानसभा चुनाव लड़ चुके हैं। सबसे पहले उन्होंने साल 1977 में यहां से चुनाव लड़ा था, जिसमें उन्हें हार का सामना करना पड़ा था। इसके बाद 1980 के चुनाव में भी उन्हें हरनौत में हार झेलनी पड़ी। फिर 1985 के चुनाव में उन्हें यहां से जीत मिली और वो विधानसभा पहुंचे। 1990 का चुनाव नीतीश ने नहीं लड़ा। 1995 में उन्हें फिर से यहां से जीत मिली।

### 3दशक से नीतीश का गढ़ है हरनौत सीट

बता दें कि हरनौत विधानसभा सीट पिछले तीन दशक से नीतीश कुमार का गढ़ है। 1995 के चुनाव, 1996 के उपचुनाव और 2000 के चुनाव में नीतीश की समता पार्टी ने यहां से जीत हासिल की थी। इसके बाद 2005, 2010, 2015 और 2020 में जेडीयू ने हरनौत से चुनाव जीता। मालूम हो कि समता पार्टी ही बाद में जेडीयू में बदल गई। समता पार्टी के सर्वेसर्वा भी नीतीश कुमार थे और अब जेडीयू में भी उन्हीं की ही चलती है।

## इसरो ध्यक्ष नारायणन ने दिया बड़ा अपडेट, 15 मार्च से फिर से शुरू होगा मिशन SpaDeX, जानिए इसके फायदे

**लोक तंत्र की आवाज़**



**बेंगलूर।** भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (ISRO) मार्च के मध्य में 'स्पैडेक्स' मिशन पर फिर प्रयोग शुरू करेगा। इसका उद्देश्य दो सैटेलाइट चेजर और टार्गेट को अलग करना और फिर दोबारा जोड़ना है ताकि भविष्य की परियोजनाओं के लिए प्रौद्योगिकियों में निपुणता प्राप्त की जा सके। यह बात राष्ट्रीय विज्ञान दिवस समारोह के दौरान इसरो के अध्यक्ष वी नारायणन ने कही।

**कब हुई थी मिशन की शुरुआतः** इसरो ने पिछले साल 30 दिसंबर को 'स्पैडेक्स' मिशन की शुरुआत की थी। तब इसरो ने अंतरिक्ष में दो उपग्रहों को आपस में जोड़ने (डॉकिंग) के प्रयोग को प्रदर्शित करने के लिए दो उपग्रहों झ एसडीएक्स01 और एसडीएक्स02 को कक्षा में स्थापित किया था। कई कोशिशों के बाद इसरो ने 16 जनवरी 2025 को यह सफलता प्राप्त की थी। भारत की योजना 2035 में अपना अंतरिक्ष स्टेशन स्थापित करने की है। मिशन की सफलता इसके लिए अहम है। भारतीय अंतरिक्ष स्टेशन में पांच मॉड्यूल होंगे जिन्हें अंतरिक्ष में एक साथ लाया जाएगा। इनमें पहला मॉड्यूल 2028 में लॉन्च किया जाना है। यह मिशन चंद्रयान–4 जैसे मानव अंतरिक्ष उड़ानों के लिए भी अहम है, यह प्रयोग उपग्रह की मरम्मत, ईंधन भरने, मलबे को हटाने और अन्य के लिए आधार तैयार करेगा। यह तकनीक उन मिशनों के लिए अहम है, जिनमें भारी अंतरिक्ष यान और उपकरण की जरूरत होती है, जिन्हें एक बार में लॉन्च नहीं किया जा सकता।

**क्या है डॉकिंग प्रक्रिया? :** डॉकिंग प्रक्रिया, आणविक मॉडलिंग की एक तकनीक है। यह एक सिमुलेशन प्रक्रिया है। इसका इस्तेमाल किसी अणु और लक्ष्य प्रोटीन के बीच बंधन की भविष्यवाणी करने के लिए किया जाता है। डॉकिंग प्रक्रिया का इस्तेमाल, दवाओं के डिज़ाइन में भी किया जाता है।

**चीफ नारायणन ने बताया प्लानः** नारायणन ने कहा, ''फिलहाल हम उपग्रहों को अलग करने और उन्हें पुनः डॉक करने के लिए 'सिमुलेशन' प्रयोग कर रहे हैं। हमने एक योजना तैयार कर ली है और 15 मार्च से वास्तविक प्रयोग शुरू करेंगे।'' उन्होंने कहा, ''हम कई प्रयोग करना चाहते हैं, हमारे पास तीसरे स्लॉट के लिए भी प्रयोग की योजना है जो दो महीने बाद उपलब्ध होगा।'' नारायण ने बताया कि 'स्पैडेक्स' मिशन अहम है, जैसे कि चंद्रयान–4 और भारत अंतरिक्ष स्टेशन का निर्माण जिसमें 'डॉकिंग' प्रौद्योगिकियों का उपयोग शामिल होगा।

## जेलेंस्की की बहस के बाद यूक्रेन पर फूटा ट्रंप का गुस्सा, अमेरिका अब नहीं देगा कोई मदद

**लोक तंत्र की आवाज़**



**वाशिंगटन।** आखिरकार वही हुआ जिसका डर था. वाशिंगटन के व्हाइट हाउस पहुंचे यूक्रेन के राष्ट्रपति और ट्रंप के बीच हुई तीखी बहस का पहला साइड इफेक्ट आ गया है. अमेरिका ने यूक्रेन को दी जाने वाली सभी आर्थिक और सैन्य मदद पर रोक लगाने का फैसला किया. ट्रंप ने जेलेंस्की पर शांति वार्ता में दिलचस्पी न लेने और तीसरे विश्व युद्ध को बढ़ावा देने का आरोप लगाया जबकि जेलेंस्की ने बिना समझौता किए बैठक छोड़ दी. इसके बाद दोनों देशों के संबंधों को लेकर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं. इन सबके बीच अमेरिका ने यह एक्शन ले लिया है।

**सभी मदद पर तत्काल प्रभाव से रोकः** असल में अमेरिका की तरफ से कहा गया कि यूक्रेन को दी जा रही सभी मदद पर तत्काल प्रभाव से रोक लगा दी गई है. हुआ यह था कि बैठक के दौरान ट्रंप ने साफ शब्दों में कहा कि अमेरिका के समर्थन के बिना यूक्रेन के पास कोई मजबूत विकल्प नहीं है. ट्रंप प्रशासन यूक्रेन के प्राकृतिक संसाधनों तक अमेरिका की पहुंच सुनिश्चित करने के लिए एक समझौता चाहता था लेकिन बहस इतनी बढ़ गई कि यह सौदा रद्द कर दिया गया. इस विवाद के चलते दोनों नेताओं की संयुक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस भी रद्द कर दी गई।

**अमेरिका का एक्शन.. पहली कड़ीः** फिर बैठक के बाद जेलेंस्की ने ट्वीट कर अमेरिका को धन्यवाद तो कहा लेकिन यह भी साफ कर दिया कि वह झुकने वाले नहीं हैं. उन्होंने स्पष्ट किया कि यूक्रेन तब तक रूस से शांति वार्ता नहीं करेगा जब तक उसे भविष्य में हमले से बचाने की ठोस गारंटी नहीं मिलती. फिलहाल अब इस मामले में धीरे–धीरे डेवलपमेंट आने शुरू हो गए हैं. और अमेरिका का यह एक्शन उसकी पहली कड़ी है।

मालूम हो कि लंबे समय से यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की और अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के बीच मुलाकात की चर्चा चली आ रही थी. आखिरकार ये व्हाइट हाउस में ये मुलाकात हो ही गई. यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की के अमेरिका दौरे पर ये मुलाकात हुई. लेकिन किसको पता था कि ये सब होने वाला है. पूरी दुनिया हैरान परेशान है.

## नीतीश कुमार का बार-बार इनकार, फिर भी क्यों टपक रही है राजद की लार!

**लोक तंत्र की आवाज़**

**पटना।** नीतीश कुमार और उनकी पार्टी जेडीयू के प्रति फिलवक्त सर्वाधिक चिंता बिहार के पूर्व डिप्टी सीएम और आरजेडी के सीएम फेस तेजस्वी यादव को हो रही है. वे कहते हैं कि नीतीश कुमार भाजपा के चंगुल में फंस गए हैं. आरजेडी के दूसरे नेता भी मानते हैं कि भाजपा ने जेडीयू को खत्म करने का प्लान बना लिया है. तेजस्वी पहले से ही नीतीश कुमार के स्वास्थ्य को लेकर जन सुराज के संस्थापक प्रशांत किशोर की तरह सवाल उठाते रहे हैं. दोनों के हिसाब से मुख्यमंत्री सीएम के रूप में बिहार की सत्ता संभालने में नाकाम हैं. तेजस्वी जेडीयू को लेकर इतने चिंतित हैं कि उन्होंने नीतीश कुमार के बेटे निशांत को अपना भाई तक बता दिया. उन्हें घर बसाने की सलाह दी. तेजस्वी के बड़े भाई तेज प्रताप यादव खुला निमंत्रण दे रहे हैं कि निशांत को आरजेडी के साथ अपना राजनीतिक करियर शुरू करना चाहिए. लालू प्रसाद यादव तो पहले से ही नीतीश को आरजेडी के साथ आने के लिए अपना दरवाजा खालने की बात कह चुके है।

**नीतीश ही उबारते रहे हैं आरजेडी कोः** नीतीश कुमार, उनके बेटे निशांत और जेडीयू के प्रति अचानक आरजेडी नेताओं के उमड़े प्रेम के पीछे की वजह क्या हो सकती है. सीधा जवाब यही होगा कि आरजेडी नेता मान कर चल रहे हैं कि नीतीश भाजपा की चालों से उब्र चुके हैं. उन्हें उकसाया गया. तो वे लाख इनकार के बावजूद पाला बदल के इतिहास को दोहरा सकते हैं. आरजेडी को यकीन है कि नीतीश कुमार के साथ आने से उसकी कामयाबी की राह आसान हो जाएगी. वर्ष 2005 के बाद 2015 ही एक मौका था, जब नीतीश कुमार के साथ रहने पर महागठबंधन ने आसानी से सरकार बना ली थी. तब महागठबंधन के बैनर तले नीतीश के जेडीयू ने विधानसभा की 71 और आरजेडी ने 80 सीटें जीत ली थीं. उसके बाद 2022 में नीतीश ने भाजपा को छोड़ आरजेडी के साथ जब हाथ मिलाया तो आरजेडी नेताओं को सत्ता का सुख मिल गया था।

### कभी ललकार, कभी दुत्कार तो अब पुचकार...



**नीतीश के प्रति आरजेडी की हमदर्दीः** तेजस्वी, तेज प्रताप, मीसा भारती और लालू यादव के साथ आरजेडी के नेता भी आजमा कर देख चुके हैं कि नीतीश कुमार जिसके साथ जाते हैं, उसकी सरकार बननी तय होती है. यही वजह है कि बिहार की राजनीति में खेला होने की सबसे अधिक चर्चा आरजेडी के ही नेता करते रहे हैं. नीतीश कुमार बार–बार सफाई दे रहे हैं कि वे जहां हैं, वहीं रहेंगे. अब कही और जाने का सवाल ही पैदा नहीं होता. इसके बावजूद आरजेडी लार टपकाता रहा है. आरजेडी नेताओं को यह भी लगता है कि नीतीश कुमार नहीं पसीजे तो कोई बात नहीं. वैसे भी भाजपा उन्हें ठिकाने लगाने की रणनीति को आहिस्ता–आहिस्ता अमली जामा पहनाने लगी है.

### भाजपा के कब्जे में आ गया जेडीयू!

भाजपा ने नीतीश कुमार को 2020 में संख्या बल कम होने के बावजूद सीएम बनाया. 2024 में भी साथ आने पर भाजपा ने नीतीश पर ही भरोसा जताया. लोकसभा चुनाव तक नीतीश कुमार को ही आगे कर भाजपा चल रही थी. पर, हाल के दिनों में, खासकर महाराष्ट्र चुनाव के बाद यह लगने लगा है कि भाजपा नीतीश कुमार पर भारी पड़ रही है.

## भोपाल के इंडस्ट्रीयल एरिया में भीषण आग, एक फैक्ट्री के साथ कारों के शोरूम जले

**लोक तंत्र की आवाज़**



**भोपाल।** गोविंदपुरा औद्योगिक क्षेत्र की दो फैक्ट्रियों में दोपहर में भीषण आग लग गई। घटना की जानकारी लगते हैं भोपाल की आधा दर्जन फायर ब्रिगेड गोविंदपुरा के लिए रवाना कर दी गई है। साथ ही 10 से अधिक टैंकर पानी डाला जा चुका है।

बताया जा रहा है कि औद्योगिक क्षेत्र के जेके रोड पर कई वाहनों के शोरूम है। और आग यदि फैली तो अन्य शोरूम तक भी फैल सकती है। फिलहाल आग पर काबू पाने का प्रयास किया जा रहा है। खबर लिखे जाने तक भारी पुलिस बल के साथ ही फायर ब्रिगेड की टीम आग को बुझाने का प्रयास कर रही थी। आग के कारणों का पता नहीं चल पाया है।

**कई किलोमीटर दूर से नजर आया धुएं का गुबार :** आग इतनी भीषण थी कि औद्योगिक क्षेत्र में लगी इस आग का काला धुआं कई किलोमीटर दूर से भी नजर आ रहा था। यहां तक कि नर्मदापुरम रोड क्षेत्र से भी आग का गुबार नजर आ रहा था। घटनास्थल पर लोगों की भीड़ जुट गई थी।

## उत्तराखंड में बारिश से भू स्खलन, ऋषिकेश–बद्रीनाथ हाईवे बंद, गंगोत्री हाईवे पर हिमस्खलन का वीडियो आया सामने

**लोक तंत्र की आवाज़**



**गंगोत्री।** उत्तराखंड में भारी बारिश के चलते भू स्खलन और हिम स्खलन से जमकर तबाही हुई है। गंगोत्री हाईवे पर हिमस्खलन का वीडियो भी सामने आया है। हर्षिल के पास गंगोत्री हाईवे पर भारी बर्फबारी के कारण हिमस्खलन हुआ है। बर्फ, मलबा और बोल्डर हाईवे और भागीरथी नदी में गिरे। हालांकि, हाईवे पर आवाजाही बंद थी, जिससे कोई बड़ी दुर्घटना नहीं हुई। हाइवे पर हिमस्खलन शुक्रवार दोपहर बाद हुआ था।

हिमस्खलन के कारण मलबे के साथ बर्फ सड़कों पर आ गई है। इससे रास्ते जाम हो गए हैं और कई जगहों पर सड़क भी टूट गई है। मलबा हटाने और सड़कों को खोलने का काम जारी है।

**इलाज के लिए जोशीमठ पहुंचे मजदूरः** शनिवार सुबह भारतीय सेना ने हिमस्खलन वाली जगह से 14 नागरिकों को रेस्क्यू किया है। पिछले 24 घंटे से सर्च और रेस्क्यू ऑपरेशन चलाए जा रहे हैं। शनिवार के दिन मौसम शांत होने से रेस्क्यू ऑपरेशन में तेजी आई है। भारतीय सेना ने किराए पर लिए गए सिविल हेलीकॉप्टरों के जरिए तीन घायल कर्मियों को इलाज के लिए माना से जोशीमठ शिफ्ट किया है। ये मजदूर सेना के लिए नियमित रूप से बर्फ हटाने का काम करते हैं और हिमस्खलन की चपेट में आकर मलबे में दब गए थे।

**आपदा प्रबंधन सचिव का बयानः** उत्तराखंड राज्य आपदा प्रबंधन सचिव विनोद कुमार सुमन ने कहा, ₹ वहां पर मौसम लगातार खराब चल रहा है। मुख्यमंत्री लगातार स्थिति पर नजर रख रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कल दो बार कंट्रोल रूम का भ्रमण किया। उन्होंने हर चीज पर विस्तृत जानकारी ली। बचाव और राहत कार्य तेजी से चल रहे हैं।

कल तक 55 में से 33 लोगों को बचाया गया। शेष 22 लोगों के लिए बचाव और राहत कार्य चल रहा है। 200 से ज्यादा लोगों को मौके पर (बचाव कार्य के लिए) भेजने की तैयारी है। चार हेलीकॉप्टर काम कर रहे हैं। जरूरत पड़ने पर और सुविधाएं ली जाएंगी। भारतीय वायुसेना का एक एमआई–17 हेलीकॉप्टर स्टैंडबाय पर है, मौसम साफ होते ही यह यहां पहुंच जाएगा।

## चमोली हादसाः बर्फ से 14 और मजदूर बाहर निकले, 55 में से 47 मजदूरों का रेस्क्यू, 8 अभी भी फंसे

**लोक तंत्र की आवाज़**



**चमोली।** उत्तराखंड के चमोली में हिमस्खलन की चपेट में आए 14 और मजदूरों को बाहर निकाल लिया गया है। इस हादसे में कुल 55 मजदूर बर्फ में लापता हो गए थे। इनमें से 47 मजदूरों का रेस्क्यू किया जा चुका है। आठ मजदूर अभी भी बर्फ में फंसे हुए हैं। रेस्क्यू ऑपरेशन अभी भी जारी है और बचे हुए मजदूरों की तलाश की जा रही है। अधिकारियों ने बताया कि बचावकर्मियों ने उत्तराखंड के चमोली जिले के ऊंचाई वाले माना गांव में बीआरओ शिविर पर जमी बर्फ से 14 और मजदूरों को बाहर निकाला है। शनिवार को हिमस्खलन स्थल पर तलाशी अभियान फिर से शुरू किया गया। आठ अभी भी फंसे हुए हैं।

14 मजदूरों को निकालने के साथ ही, शुक्रवार सुबह माना और बद्रीनाथ के बीच सीमा सड़क संगठन (बीआरओ) शिविर पर हुए हिमस्खलन में फंसे 55 मजदूरों में से 47 को बचा लिया गया है। शुक्रवार रात तक 33 को बचा लिया गया था। शुक्रवार को बारिश और बर्फबारी के कारण बचाव कार्य में बाधा उत्पन्न हुई और अभियान स्थगित कर दिया गया। शनिवार को मौसम साफ होने पर हेलीकॉप्टर अभियान में शामिल हो गए।

**24 घंटे से ज्यादा समय से फंसे मजदूरः** जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी एन के जोशी ने बताया कि माना में तैनात सेना और भारत–तिब्बत सीमा पुलिस (आईटीबीपी) के जवानों ने सुबह बचाव अभियान फिर से शुरू किया। अधिकारियों के अनुसार, बचाव दल ने 14 और मजदूरों को बर्फ से बाहर निकाला, जबकि शेष आठ की तलाश जारी है, जो 24 घंटे से अधिक समय से फंसे हुए हैं। चमोली के जिला मजिस्ट्रेट संदीप तिवारी ने बताया कि शुक्रवार को गंभीर हालत में बचाए गए तीन मजदूरों को माना स्थित आईटीबीपी अस्पताल में उपचार के लिए एयरलिफ्ट किया गया।

## संक्षिप्त खबरें ।

### उत्तम कुशवाहा ने सैकड़ो बच्चियों के साथ केक काटकर मुख्यमंत्री का जन्म दिवस मनाया



**गया।** मगध विश्वविद्यालय अध्यक्ष उत्तम कुशवाहा के नेतृत्व में कुर्था विधानसभा अंतर्गत करपी प्रखंड, में आयोजित कार्यक्रम में सैकड़ो बच्चियों के साथ मुख्यमंत्री का जन्म दिवस केक काटकर एवं पौधा लगाकर मनाया है इस कार्यक्रम का नेतृत्व कर रहे जदयू के युवा नेता अध्यक्ष मगध विश्वविद्यालय श्री उत्तम कुशवाहा ने कहा कि आज मुख्यमंत्री का 74वां जन्मदिवस से हम लोग हर वर्ष उनके जन्म दिवस पर विकास दिवस के रूप में मनाते हैं आज इसी कड़ी में हम लोग बच्चों के बीच पठान पाटन की सामग्री वितरण किया है, कर एवं पौधा लगाकर मुख्यमंत्री का जन्म दिवस मनाया, इसके साथ ही उत्तम कुशवाहा ने कहा कि मुख्यमंत्री बिहार के जंगल राज्य से निकालकर इस आर्टिफिशियल आधुनिक दौर में बिहार को खड़ा किया है इसके लिए बिहार का पूरा युवा बिहार की महिलाएं बिहार के छात्र सदा मुख्यमंत्री के आभारी रहेंगे सभी बच्चियों ने केक काटकर मुख्यमंत्री के लिए प्रार्थना की वह स्वस्थ रहे और इसी तरह बिहार की जनता की सेवा लगातार करते रहे साथ ही उत्तम कुशवाहा ने कहा कि बिहार के छात्रों को आवाज देने वाले जमीन से आसमान की बुलंदियों तक महिलाओं को पहुंचने वाले, युवाओं को रोजगार नौकरी देने वाले नीतीश पुणे हम सभी के बीच मुख्यमंत्री बनकर 25 से 30 बिहार की सेवा करें, साथ ही हर साल की भांति इस साल भी हम लोगों ने 11 पौधों का रोपण कर कर मुख्यमंत्री के जन्म दिवस मनाया है इस मौके पर अमरनाथ, रोशन यादव, सुजीत कुशवाहा, राणा प्रताप सिंह, आशुतोष कुमार, डिंपल कुशवाहा, प्रेम प्रकाश, समेत अन्य लोग रहे उपस्थित थे।

### औपबंधिक नियुक्ति पत्र का किया वितरण

**कौआकोल ।** के बापू इंटर विद्यालय पाण्डेयगंगौट में शनिवार को शिविर लगाकर नियोजित शिक्षक से विशिष्ट शिक्षक बनें शिक्षकों को औपबंधिक नियुक्ति पत्र का वितरण किया गया। बीईओ सुशील कुमार ने इसकी जानकारी देते हुए बताया कि राज्य सरकार के निर्देश पर शिक्षा विभाग द्वारा कौआकोल प्रखण्ड में सक्षमता परीक्षा-2 उत्तीर्ण हुए 69 नियोजित शिक्षकों को औपबंधिक नियुक्ति पत्र का वितरण कर उन्हें सम्बंधित विद्यालय में योगदान करने का निर्देश दिया गया। मौके पर एमडीएम प्रभारी संजय पासवान, स्थानीय विद्यालय के प्रभारी प्राचार्य अजय कुमार समेत अन्य लोग मौजूद थे।

### 33केवी वारिसलीगंज फीडर एवं 11 केवी का कुछ फीडर में बाधित रहेगी बिजली

**वारिसलीगंज (नवादा) (अभय कुमार रंजन)।** टीटीपीएस लाइन( 220केवी ) में अर्थ वायर के कार्य को लेकर 33केवी वारिसलीगंज फीडर एवं 11 केवी का कुछ फीडर ( कोल्ड फील्ड एरिया नवादा ) कल समय सुबह 10 बजे से 2 बजे तक बिजली बाधित रहेगी ।इस संबंध की जानकारी देते हुए सहायक विद्युत अभियंता नवादा सप्लाई ने बताया कि दिनांक 2 मार्च दिन रविवार सुबह 10 बजे से 2 बजे तक उक्त स्थान में पावर सप्लाई बंद रहेगा।इस बीच उपभोक्ताओं से अपील की गई है कि बिजली संबंधित अपने आवश्यक कार्य को पहले निबटा लें। ताकि उपभोक्ताओं को कोई परेशानी न हो सके। बिजली बाधित होने को ले उन्होंने खेद प्रकट किया है।

# आजु मिथिला नगरिया निहाल सखिया चारों दुलहा में बड़का कमाल सखिया गाने सुनकर मंत्रमुग्ध हुए श्रोता

## मैथिली ठाकुर की शानदार प्रस्तुति से नवादा गूंज उठा, बिहारी होने पर गर्व : मैथिली



लोक तंत्र कीआवाज

**सुनील कुमार**

**नवादा।** शुक्रवार को नवादा जिला के ऐतिहासिक स्थल, हरिश्चन्द्र स्टेडियम में सांस्कृतिक कार्यक्रम संध्या में मैथिली ठाकुर की शानदार प्रस्तुति हुई। ककोलत महोत्सव-2025 के दूसरे दिन सांस्कृति संध्या में लोक संगीत से मैथिली ठाकुर ने समा बांध दिया। उनका गीत सुनकर दर्शक झूम उठे। मैथिली ठाकुर ने अपनी लोकगायकी से सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। मैथिली ठाकुर अपने भाई और साथी कलाकारों के साथ जैसे ही मंच पर आयीं, तालियों की गड़गड़ाहट से नवादा के लोगों ने उनका शानदार स्वागत किया। फिर उन्होंने लोकगीतों और भजन की एक से बढ़कर एक प्रस्तुति दी। सबसे पहले मैथिली ने बिहार की भूमि को नमन किया और कहा कि उन्हें भी बिहारी होने पर गर्व है। मैथिली ठाकुर ने हिंदी और मैथिली के लोकगीत और भजन गाये और दर्शक इस दौरान झूमते नजर आये। छठ गीत, भोला बाबा का गीत, आज मिथिला नगरिया निहाल सखिया जैसे लोकगीत मैथिली ठाकुर गा रही थीं उस वक्त पूरा नवादा उन्हें सुन रहा था। कई लोग के फरमाईश पर भी उन्होंने भजन की प्रस्तुति दी। जिला प्रशासन की तरफ से विधि-व्यवस्था एवं शांति बनाये रखने हेतु कार्यक्रम स्थल पर पुलिस पदाधिकारी की प्रतिनियुक्ति की गई थी। साथ ही जिला प्रशासन की तरफ से एलसीडी टीवी स्क्रीन ग्राउंड में भी लगायी गयी थी, ताकि लोग मंच के परफॉर्मेंस को देख सकें। इसके अतिरिक्त जो लोग कार्यक्रम स्थल पर नहीं पहुंच सके उनके लिए जिला प्रशासन द्वारा अपने फेसबुक पेज डिस्ट्रीक्ट एडमीनिस्ट्रेशन, नवादा पर लाईव टेलीकास्ट भी किया जा रहा था। कार्यक्रम के अंत में जिला पदाधिकारी द्वारा गायिका मैथिली ठाकुर एवं उनके साथियों को मोमेंटो और स्टॉल देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर जिला पदाधिकारी रवि प्रकाश, गोविंदपुर विधायक मो. कामरान, जिला परिषद अध्यक्ष पुष्पा देवी, उप विकास आयुक्त प्रियंका रानी, अपर समाहर्त्ता चन्द्रशेखर आजाद, एसडीओ नवादा अखिलेश कुमार, वरीय उप समाहर्त्ता राजीव कुमार, डीएसपी मुख्यालय मो. इमरान परवेज, एसडीपीओ नवादा हुलास कुमार, अनुमंडल लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी डॉ.राजकुमार सिंहा, वरीय उपसमाहर्त्ता-सह-प्रभारी जिला जन सम्पर्क पदाधिकारी अमरनाथ कुमार, उप निर्वाचन पदाधिकारी महेश कुमार के साथ-साथ जिला स्तरीय अन्य पदाधिकारी एवं हजारों की संख्या में दर्शकगण उपस्थित थे। शनिवार को सांस्कृतिक संध्या में नवादा के स्थानीय कलाकारों द्वारा प्रस्तुति दी जायेगी। जिला पदाधिकारी द्वारा नवादावासियों से अपील की गयी है कि आप सभी सांस्कृतिक संध्या में उपस्थित होकर जिला के कलाकारों की प्रस्तुति को देखें और उनका हौसला आफजायी करें ताकि नवादा जिला संस्कृति और कला के क्षेत्र में और भी आगे बढ़े।

## बिहार के विकास में मुख्यमंत्री का अभूतपूर्व योगदान दिया एवं उनकी नेतृत्व क्षमता के कारण राज्य ने हर क्षेत्र में आगे बढा है: डॉ मनीष पंकज मिश्रा



लोकतंत्र की आवाज़

**गया।** बिहार के यशस्वी मुख्यमंत्री माननीय श्री नीतीश कुमार जी के जन्मदिन के शुभ अवसर पर गया जिला राष्ट्रीय मानवाधिकार संगठन के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. मनीष पंकज मिश्रा सहित अन्य नेताओं ने हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ दीं। डॉ मनीष पंकज शुभकामनाएं देते हुए कहा नीतीश कुमार ने बिहार के विकास में अभूतपूर्व योगदान दिया है और उनकी नेतृत्व क्षमता के कारण राज्य ने शिक्षा, सड़क, स्वास्थ्य, कृषि एवं आधारभूत संरचनाओं के क्षेत्र में बड़ी उपलब्धियाँ हासिल की हैं मुख्यमंत्री के रूप में नीतीश कुमार ने सुशासन, कानून व्यवस्था एवं विकास को प्राथमिकता दी है, जिससे बिहार देश के अग्रणी राज्यों में स्थान बना रहा है। उन्होंने किसान, युवा, महिला सशक्तिकरण एवं समाज के हर वर्ग के कल्याण के लिए अनेक जनहितकारी योजनाओं को लागू किया, जिससे राज्य की अर्थव्यवस्था और सामाजिक ताना-बाना मजबूत हुआ है।भाजपा जिला उपाध्यक्ष राजेन्द्र प्रसाद अधिवक्ता ने कहा मुख्यमंत्री के स्वस्थ, दीर्घायु एवं सशक्त नेतृत्व की कामना करते हुए कहा कि उनके कुशल मार्गदर्शन में बिहार निरंतर विकास के नए आयाम स्थापित करेगा। गया जिला भाजपा किसान मोर्चा एवं समस्त भाजपा कार्यकर्ताओं की ओर से उन्हें जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएँ एवं बधाई दी गई है। बधाई और शुभकामनाएं देने वालों में भाजपा जिला उपाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद अधिवक्ता, धीरज रौनीयार, जिला मीडिया प्रभारी संतोष ठाकुर भाजपा नेता राणा रणजीत सिंह अशोक प्रसाद भारती सुनील बंबईया प्रमोद चौधरी दीपक पांडे बबलू गुप्ता महेश यादव संजय यादव हीरा यादव सहित अन्य लोगों ने बधाई और शुभकामनाएं दी हैं।

## खटांगी गांव के लड़की अपहरण मामले में 6 लोगों के खिलाफ दर्ज की गई प्राथमिकी




लोकतंत्र की आवाज

**प्रदीप प्रसाद संवाददाता**

सिरदला नवादा-परना डाबर थाना क्षेत्र के खटांगी गांव के एक व्यक्ति ने अपने 21 वर्षीय पुत्री के अपहरण करने के आरोप में गांव के ही 6 लोगों के खिलाफ परना डाबर थाना में प्राथमिक की दर्ज करवाया है। आवेदन के मुताबिक लड़की ने शौच के लिए सुबह 3:30 बजे निकली थी। फिर घर वापस घर नहीं लौटी। आवेदक ने आरोप लगाया है, कि मेरी बेटी को जोर जबरदस्ती साजिश के तहत बुरा नियत से उठाकर ले गए हैं। अपहरण करने वाले गांव के ही लोग हैं। लड़की के पिता ने अंदेशा जाहिर किया है कि मेरी पुत्री से गलत संबंध बनाकर हत्या न कर दे। परना डाबर प्रभारी थाना अध्यक्ष संजय कुमार द्विवेदी से प्राप्त जानकारी के अनुसार प्राथमिकी दर्ज कर पुलिस छानबीन शुरू कर दी है।

## सीपीआई किसान सभा का 16 वां जिला सम्मेलन संपन्न वक्ताओं ने राज्य एवं केंद्र सरकार को बताया किसान विरोधी



लोकतंत्र की आवाज

**शम्भू विश्वकर्मा द्वारा**

**नवादा 28 फ़रवरी ।** नवादा जिला किसान सभा का 16 वां जिला सम्मेलन शुक्रवार को नरहट प्रखण्ड अंतर्गत हाट बाजार तारोपुर स्थित एस.के. राना अध्ययन केंद्र के शहीद ऋषि कुमार हॉल में संपन्न हुआ । संध्या दो बजे से प्रारंभ जिला सम्मेलन मध्य रात्रि तक निर्बाध रूप से चलता रहा जिसमें आम सभा , प्रतिनिधि सभा एवं कार्यकारिणी गठन का सफल संचालन किया गया । आम सभा की अध्यक्षता कॉम दशरथ प्रसाद यादव ने की जबकि संचालन का दायित्व किसान सभा के जिला सचिव कॉम गोविन्द प्रसाद ने निभाया ।मुख्य अतिथि के रूप में बिहार राज्य किसान सभा के संगठन सचिव कॉम सीताराम शर्मा ने भाग लिया और सांगठनिक सत्र में बतौर पर्यवेक्षक की भूमिका का निर्वहन किया । प्रतिनिधि सभा की अध्यक्षता अध्यक्ष मंडल के साथी इंद्रदेव प्रसाद और भुनेश्वर प्रसाद मेहता ने की । वक्ताओं ने मुख्य रूप से किसानों की वर्तमान दुर्दशा पर चिंता व्यक्त करते हुए इसके लिए राज्य एवं केंद्र सरकार को जिम्मेदार बताया । मुख्य वक्ता कॉम सीताराम शर्मा ने कहा कि हम किसानों को भगवान भरोसे नहीं छोड़ सकते बल्कि सड़क से संसद तक की लड़ाई लड़नी होगी । उन्होंने 2006 से ए.पी.एम.सी. कानून रद्द करने और फसल बीमा योजना को बन्द करने के सरकारी फैसले का विरोध करते हुए किसानों के हित के लिए आगे आने का आह्वान किया । सीपीआई के जिला सचिव कॉम जयनंदन प्रसाद सिंह ने कहा कि किसानों की एकता और चरणबद्ध आंदोलन के जरिये सरकार के किसान विरोधी नीतियों पर अंकुश लगाया जा सकता है । उन्होंने इस जिला सम्मेलन को नवादा जिला के लिए अति महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि आज संगठन को ऊर्जावान और क्रियाशील प्रतिनिधि प्राप्त हुआ है जो किसानों के हित के लिए हमेशा तत्पर रहेगा । प्रतिनिधि सभा में देर रात तक बहस के बाद 17 सदस्यीय कमिटी का गठन किया गया और उन्हें दीक्षित करते हुए आगे की लड़ाई लड़ने के लिए प्रेरित किया गया । कार्यकारिणी सदस्यों में , कॉम गोविन्द प्रसाद ,अर्जुन सिंह ,अशोक कुमार ,ब्रह्मदेव प्रसाद ,अशोक कुमार ,भोला मिस्त्री , रामशरेख प्रसाद यादव ,रामचन्द्र यादव , भुनेश्वर प्रसाद मेहता ,अखिलेश कुमार सिंह ,रामतिलक यादव ,उमाकान्त सिंह , राजकुमार प्रसाद , शिवशंकर प्रसाद , पारसनाथ कुमार , मो० शवनम , इन्द्रदेव प्रसाद ,सत्येंद्र प्रसाद यादव का नाम उल्लेखनीय है ।

## गोह में स्वयं सहायता समूह केंद्रित कृषि प्रसार का हुआ आयोजन



लोकतंत्र की आवाज

**गौतम कुमार अनुमंडल संवाददाता दाउदनगर**

गोह ( औरंगाबाद ) प्रखंड मुख्यालय स्थित गौतम बुद्ध नगर भवन में शनिवार को स्वयं सहायता समूह केंद्रित कृषि प्रसार कार्यक्रम का आयोजन पीएनबी बैंक के द्वारा किया गया। यह कार्यक्रम जिला मंडल के तत्वाधान में किया गया। इसके पश्चात प्रधान कार्यालय के उप महाप्रबंधक एस एन गुप्ता, मंडल प्रमुख प्रवीण कुमार , पीएलपी प्रकाश श्रीवास्तव, दाउदनगर एसडीओ मनोज कुमार, जन सुराज के संभावित प्रत्याशी डॉ राम उदय कुमार, बीओ अजय कुमार सिंह, बीपीएम राज कपूर रमण सहित कई गणमान्य लोगों ने संयुक्त रूप से दीप जलाकर कार्यक्रम का उद्घाटन किया। इसके बाद पौधा व अंगवस्त्र देकर अतिथियों को सम्मानित किया गया। स्वयं सहायता समूह की महिला दीदी निलम कुमारी, अनिता कुमारी, रेणु कुमारी एवं प्रिती कुमारी ने स्वागत गीतों से अतिथियों को स्वागत किया। इस कार्यक्रम में उप महाप्रबंधक एस एन गुप्ता ने बताया कि स्वयं सहायता समूह केंद्रित कृषि प्रसार समाज के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है। जो किसानों को सशक्त बनाने और कृषि उत्पादन में सुधार करने में मदद कर सकता है। स्वयं सहायता समूह किसानों को एक मंच प्रदान करते हैं जहां वे अपने अनुभव को साझा कर सकते हैं। ज्ञान प्राप्त कर सकते हैं, और एक दूसरे को समर्थन कर सकते हैं। इस कार्यक्रम में स्वयं सहायता समूह की महिलाओं का जुड़ाव अच्छा है। हमारे बैंकिंग से जुड़ी हुई विभिन्न प्रकार की योजनाओं को कैसे फाइनेंशियल कर सकते हैं। इसके बारे में बैंक अधिकारियों को विस्तार पूर्वक जानकारी दी है। उन्होंने बैंक अधिकारियों को निर्देश दिए कि यहां के लोगों को अधिक से अधिक संख्या में बैंक से जोड़ने का प्रयास करें। जिसे वित्तिय पोषक कार्यक्रम में भाग ले सकें। कृषि प्रसार का उद्देश्य - किसानों को नवीनतम कृषि तकनीकों और विधियों के बारे में जानकारी प्रदान करना है। जिससे वे अपने उत्पादन में सुधार कर सकें और अपनी आय में वृद्धि कर सकें। इसलिए जिला एवं प्रखंड स्तर पर इस तरह का आयोजन होना चाहिए। जिससे क्षेत्र के लोगों का जुड़ाव बढ़ सकें। वहीं एसडीओ मनोज कुमार ने बताया कि स्वयं सहायता समूह से जुड़ी हमारे देश की महिलाएं स्वालंबित हो रही हैं।वे अपने बैंक से ऋण लेकर आत्मनिर्भर बन रही है।जीवीका दीदियों को लखपति योजना का लाभ लेना चाहिए। जिससे आप आत्मनिर्भर परिवार कायम कर सकें।जन सुराज के संभावित प्रत्याशी डॉ राम उदय कुमार ने बताया कि यहां के किसानों को सशक्त बनाने की जरूरत है। कृषि यंत्र के माध्यम से किसानों को अधिक पैदावार बढ़ाने की जरूरत है।जब आपकी उपज अच्छी होगी तो आप खुशहाल जीवन जी सकते हैं। वहीं सीएसपी शाखा प्रबंधक इंदल कुमार चंद्रवंशी ने बताया कि प्रखंड मुख्यालय में पीएनबी बैंक के माध्यम से इस तरह का आयोजन पहली बार किया गया है।इसका मुख्य उद्देश्य यह है कि जन सामान्य को बैंक के कृषि संबंधी उत्पादन की जानकारी देना तथा जीविका से लाभान्वित हुए लोगों को एक मंच पर प्रदान करना था। जिससे अन्य लोग भी प्रभावित हो सकें। यह कार्यक्रम गोह शाखा प्रबंधक मनीष कुमार के द्वारा किया गया। जो कि मंच का संचालन सहायक शाखा प्रबंधक पुष्पा कुमारी ने की है। लखपति दीदी योजना के तहत रंजू देवी, लालती देवी, सरीता देवी, रीना देवी, संगीत देवी को एक लाख रुपए ऋण की स्वीकृति दी गई है। इस मौके पर प्रबंधक चंदन श्रीवास्तव, बीपीएम राज कपूर रमण, प्रबंधक प्रशांत कुमार पाण्डेय कृषि प्रबंधक अमिता कुमारी, प्रबंधक रवि भूषण, एसी धर्मेंद्र कुमार, सुपरवाइजर सुजीत कुमार, मोहम्मद अफजल हुसैन सहित दर्जनों लोग मौजूद थे।

## सांस्कृतिक माहौल में संत थॉमस इंग्लिश स्कूल ने मनाया वार्षिकोत्सव



- शिक्षा के साथ -साथ मानसिक विकास के लिए जरूरी है मनोरंजन : बीजू थॉमस

लोक तंत्र कीआवाज

**सुनील कुमार**

**नवादा।** शिक्षा के क्षेत्र में अपनी महत्पूर्ण स्थान रखने वाले संत थॉमस इंग्लिश स्कूल का वार्षिकोत्सव शनिवार क़ो हिसुआ नगर स्थित अशोक सम्राट भवन में धूमधाम से मनाया गया । इस मौके पर सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ भाषण , अभिवादन एवं नृत्य तथा गीत -संगीत स्कूली छात्रों द्वारा प्रस्तुत किया गया । कार्यक्रम का उद्घाटन कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नगर परिषद अध्यक्षा पूजा कुमारी ,,संत पोल्स इंग्लिश स्कूल के प्रिंसिपल रजनी मैडम , डायरेक्टर शाजी टीम ,अजी अब्राहम निदेशक, चेयरमैन साईन सर ,उप चेयरमैन जॉनी जोसेफ द्वारा संयुक्त रूप से द्वीप प्रज्जवलित कर किया गया । आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम क़ो संबोधित करते हुए अजी अब्राहम ने कहा शैक्षणिक माहौल कायम रखना और शिक्षा का स्तर बनाए रखने के लिए विद्यालय की आवश्यकता होता है । ऐसे में अपनी उपलब्धियों के बदौलत हिसुआ जैसे शहर में संत थॉमस इंग्लिश स्कूल ने बहुत हीं कम समय में कृतिमान हासिल किया है । उपयुक्त शिक्षा के साथ -साथ खेल एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम में यहां के बच्चे जो नाम कमाए हैं वह काबिलेतारीफ तारीफ है। उन्होंने कहा यहां के आदर्शवादी शिक्षकों और अनुशासित छात्र इस विद्यालय की पहचान बना है । महज कुछ हीं वर्षों में 8 सौ से अधिक बच्चे यहां आकर शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं यह अपनेआप में एक उपलब्धि है । उपस्थित बच्चों एवं अभिभावकों क़ो संबोधित करते हुए विद्यालय के प्रिंसिपल रजनी मैडम ने कहा कि हमने एक सोंच और विश्वास के साथ केरल से चलकर बिहार के इस छोटे से जगह हिसुआ में विद्यालय खोला था । जिसमें नवनिहाल बच्चों के शिक्षा के प्रारंभिक स्तर क़ो एक मजबूत शुरुआत दूं । शिक्षक तो मात्र पथ प्रदर्शक होते हैं जो बच्चों क़ो शिक्षा और संस्कार के रास्ते बताते हैं । उस रास्ते पर चलना तो स्वयं शिक्षा अर्जित कर रहे बच्चों का होता है । इन कार्यों में बच्चों के अभिभावकों की भूमिका भी अहम होता है जो छात्रों क़ो शिक्षा ग्रहण कराने के लिए बच्चों क़ो तैयार कर समय पर विद्यालय भेजना , पोशाक की सफाई करना और घर पर विद्यालय का दिया गया होमवर्क तैयार कराने के साथ उनके पढ़ाई का ख्याल रखना । कार्यक्रम क़ो विद्यालय के शिक्षक उत्तम कुमार ,मंजू कुमारी ,शिखा मैम ,ज्योतिषा ने संबोधित करते हुए प्राथमिक शिक्षा पर जोर दिया । सांस्कृतिक कार्यक्रम में रिया ,सान्वी ,अनन्या ,अंशिका चौधरी ,चुलबुल ,दीपशिखा ,जहान्वी कुमारी ,राजेश समेत लगभग एक सौ स्कूली छोटे -छोटे बच्चों ने जल जीवन हरियाली , दहेज प्रथा , नशामुक्ति , जनसंख्यावृद्धि , समाज में व्याप्त अंधविश्वास एवं कुरीतियों समेत विभिन्न कला का प्रदर्शन किया ।

## वारिसलीगंज : अडाणी सीमेंट फैक्ट्री के निर्माण में फंस गया पेंच



- मार्च 2024 में नगर परिषद बोर्ड की बैठक में सीमेंट फैक्ट्री बनाने का किया गया था विरोध

लोकतंत्र की आवाज

**वारिसलीगंज (नवादा) (अभय कुमार रंजन)।** वारिसलीगंज चीनी मिल की जमीन पर देश के अग्रणी औद्योगिक घराना अडानी समूह के द्वारा अंबुजा सीमेंट फैक्ट्री स्थापित की जा रही है।फैक्ट्री निर्माण का कार्य आधे से अधिक संपन्न हो गया है।लेकिन अब तक नगर परिषद क्षेत्र से अनापत्ति प्रमाण पत्र नहीं ली गई है। इस संबंध में 17 फरवरी 2025 को जिलाधिकारी द्वारा नगर परिषद वारिसलीगंज को एनओसी देने के संबंध में पत्र भेजा गया है।नगर परिषद से अनापत्ति प्रमाण पत्र मांगे जाने की जानकारी बाद एक बार फिर फैक्ट्री निर्माण के विरोध का स्वर मुखर हो गया है।जिलाधिकारी नवादा द्वारा नगर कार्यपालक को भेजी गई पत्र में कहा गया है कि निर्माणाधीन सीमेंट फैक्ट्री नगर परिषद क्षेत्र में आता है।इसलिए कारखाना अधिनियम 1948 के प्रावधानों के अंतर्गत साइड मूल्यांकन और फैक्ट्री लेआउट अनुमोदन का प्रावधान है। अतएव सुरक्षा एवं पर्यावरण दृष्टिकोण से सीमेंट ग्रेडिंग यूनिट स्थापित करने के पूर्व आपके स्तर से अनापत्ति प्रमाण पत्र आवश्यक है। जिलाधिकारी द्वारा अनापत्ति प्रमाण पत्र मांगे जाने की जानकारी बाद सीमेंट फैक्ट्री का विरोध कर रहे लोग एक बार फिर मुखर हो गए हैं। शुक्रवार को सीमेंट फैक्ट्री निर्माण का विरोध कर रहे हैं आधा दर्जन लोग नगर कार्यपालक से मिलकर अनापत्ति प्रमाण पत्र नहीं दिए जाने की मांग की। विरोध कर रहे लोगों का कहना है कि नगर क्षेत्र में कोई भी भवन निर्माण के पहले नक्शा पास कराने के साथ ही स्वीकृति प्राप्त करनी होती है। जबकि आधे से अधिक निर्माण हो चुके सीमेंट फैक्ट्री भवन निर्माण के लिए नगर परिषद अनापत्ति प्रमाण पत्र नहीं लिया गया। जबकि फैक्ट्री निर्माण के आधारशिला जुलाई 2024 में बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और गौतम अडानी के द्वारा संयुक्त रूप से रखी गई थी।

**चीनी मिल पर पर नगर का 28 लाख से अधिक का है बकाया:** 1993 पेराई सत्र के बाद वारिसलीगंज स्थित मोहनी शुगर मिल को बंद कर दिया गया था। चीनी मिल बंद होने के बाद लंबे समय से चीनी निगम द्वारा नगर परिषद वारिसलीगंज को होल्डिंग टैक्स का भुगतान नहीं किया गया है।25 फरवरी 2025 तक चीनी मिल पर 28,64,849 रुपया भवन कर का बकाया नगर परिषद का है। इस संबंध में पूछे जाने पर नगर कार्यपालक समीर कुमार ने बताया कि जिलाधिकारी के द्वारा सीमेंट फैक्ट्री भवन निर्माण के लिए एनओसी देने को कहा गया है। जिस जमीन पर नगर परिषद का बकाया रहने की जानकारी से जिलाधिकारी को अवगत करा दिया गया है। जिसका भुगतान सरकार द्वारा कराए जाने का आश्वासन दिया गया है।

**फैक्ट्री निर्माण का पहले ही किया जा चुका है विरोध:** वारिसलीगंज बाजार में स्थित चीनी मिल की जमीन पर सीमेंट फैक्ट्री बनाए जाने की जानकारी बाद क्षेत्र के कुछ लोगों द्वारा प्रदूषण और जल संकट उत्पन्न होने को लेकर विरोध किया जा रहा था जो अब भी जारी है। इस दौरान 1 मार्च 2024 को नगर परिषद के द्वारा नगर परिषद बोर्ड की बैठक बुलाकर चीनी मिल की जमीन नगर परिषद में होने की बात करते हुए उक्त चीनी मिल जमीन पर सीमेंट फैक्ट्री निर्माण नहीं किए जाने का प्रस्ताव पास कर जिलाधिकारी को भेजा गया था।

## शिक्षक नेता समेत सक्षमता 2 में उत्तीर्ण नियोजित शिक्षकों के बीच वितरण किया औपबंधिक नियुक्ति पत्र



लोक तंत्र कीआवाज

**रजौली।** प्रखंड मुख्यालय के इंटर विद्यालय के प्रांगण में स्थित प्रखंड संसाधन केन्द्र में शनिवार को सक्षमता 2 में उत्तीर्ण शिक्षक नेता अजित कुमार के साथ सभी नियोजित शिक्षकों के बीच औपबंधिक नियुक्ति पत्र का वितरण किया गया. शिक्षक नेता अजित कुमार ने भी अपना औपबंधिक नियुक्ति पत्र ग्रहण कर अपने सेवा लाभ अधिकार हेतु जिला शिक्षा पदाधिकारी नवादा, सचिव, नियोजन इकाई रजौली सह प्रखंड विकास पदाधिकारी, सदस्य नियोजन इकाई रजौली सह प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी को अपनी आपत्ति भी आज ही दर्ज कराई. उन्होंने कहा कि शिक्षा विभाग के आदेश पालन करना भी हमारा कर्तव्य है और अपने अधिकार की रक्षा भी हमारी जिम्मेदारी है.वहीं सीडब्ल्यूजीसी 1673/2025 में उच्च न्यायालय के आदेश की प्रति के साथ आपत्ति भी दर्ज किये.राज्य सरकार के राज्यकर्मी का दर्जा देने हेतु ढेर सारी प्रशंसा किये.परन्तु वरीय नियोजित शिक्षक 22 वर्ष सेवा अनुभव के बाद उनको सेवा लाभ से वंचित किया जाना चिंतनीय है.फिर भी राज्यकर्मी का दर्जा पाने के बाद नेता अजित कुमार ने प्रखंड संसाधन केंद्र रजौली में उपस्थित सभी कर्मी वरीय साधन सेवी केपी शर्मा, अकॉउंटेन्ट ,बीपीएम के अलावे अपने विद्यालय बलिया में भी शिक्षकों को मिठाई खिलाकर खुशियों का इजहार किया.साथ ही कहा कि और बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और शिक्षा विभाग के मंत्री से मांग किये कि सभी वरीय विशिष्ट शिक्षकों को भी हमसभी की तरह न्यायालय के आदेशानुसार सेवा का लाभ देने की कृपा करें.हमसभी नियोजित शिक्षक के जन्मदाता मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ही हैं एवं विशिष्ट शिक्षक भी उन्होंने ही बनाया है.सभी शिक्षकों को पूर्ण विश्वास है कि मुख्यमंत्री जरूर देंगे।

## संक्षिप्त खबरें ।

### मोतिहारीः तुरकौलिया पुलिस ने तीन शराब तस्कर को किया गिरफ्तार



ब्यूरो चीफ शशिकांत
तुरकौलिया। थाना अंतर्गत अलग अलग स्थानों पर छापेमारी कर 03 अभियुक्त योगेन्द्र सिंह, बोरिंग चौंक तुरकौलिया को विदेशी शराब 2.52 लीटर शराब के साथ एवं कांड 80/25 के अभियुक्त रामचंद्र पासवान परशुरामपुर को 24 लीटर देशी चुलाई शराब के साथ एवं कांड संख्या 81/22 में मुंशी ईनार से एक बाइक पर लदे 50 लीटर देशी चुलाई शराब बरामद किया है ! कारोबारी फरार हो गया एवं 82/25 के अभियुक्त रविकेष कुमार सुगौली को एक बाइक पर लदे 75 लीटर देशी चुलाई शराब के साथ गिरफ्तार किया गया है। थानाध्यक्ष सुनिल कुमार ने बताया कि आगे भी यह अभियान जारी रहेगा। किसी भी हाल में शराब तस्करों नहीं बख्शा जाएगा।

### जंतु विभाग में मना राष्ट्रिय विज्ञान दिवस छात्रों ने दिखाया विज्ञान प्रदर्शनी

क्षितिज राज
आज राष्ट्रिय विज्ञान दिवस के मौके पर पटना विश्वविद्यालय के जंतु विभाग में विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन विभागाध्यक्ष परिमल कुमार खान व सभी विभाग के शिक्षकों के उपस्थिति में आयोजन किया गया जिसमे विश्लेषक के तौर पर डॉ दिलीप कुमार वर्मा ( रसायन विज्ञान से ), डॉ भावुक शर्मा( भूगर्भ शास्त्र से ) रहे। इस आयोजन में जंतु विज्ञान, पर्यावरण विज्ञान के छात्रों ने विज्ञान से संबंधित तमाम तरह के मॉडल प्रस्तुत किये जैसे पूर्व चेतावनी प्रणाली, वर्षा जल संचयन, हरित ऊर्जा संचयन, इकोधाम, इकोब्रिकक्स, कूडे को रोड में परिवर्तन, जल संवर्धन, मोरिंगा जल शोधक, मैक्रो प्लास्टिक रिमूवल सिस्टम, कार्बन संग्रहन &उपयोग प्रणाली, वहनीयता के साथ नवाचार, आद्रभूमि को संचयन आदि को अपने मॉडल के साथ दिखाया और बताया जिसमे तीन मॉडल को विश्लेषको ने उत्कृष्ट बताया जिसमे पहला स्थान कार्बन संग्रहन और उपयोग प्रणाली ग्रुप को दूसरा स्थान कुड़े को सड़क में परिवर्तन मॉडल ग्रुप को व तीसरा स्थान हरित ऊर्जा संचयन ग्रुप व वर्षा जल संचयन ग्रुप व वहनीयता के साथ नवाचार को मिला।

### सोनबारसा में फुटबॉल टूर्नामेंट सेमी फाइनल मैच परसौनी और गुदगुदी के बिच खेला गया



गौनाहा / प्रखंड के महुई पंचायत स्थित सोनबरसा खेल मैदान में बिरसा मुंडा फुटबाल टूर्नामेंट प्रतियोगिता में सेमी फाइनल मैच आज परसौनी व गुदगुदी के बिच खेला गया। बता दे कि इस सेमी फाइनल मैच में परसौनी ने 0–2 से जीत हासिल की है। खेल संचालक ओजेंद्र कुमार ने बताया कि खेल से बच्चों की मानसिक व शारीरिक विकास होता है। वही खेल समाज को जोड़ने का एक माध्यम भी है। खेल को खेल की भावना से खेलना चाहिए। आगे उन्होंने कहा कि पढ़ाई के साथ–साथ खेल भी बहुत जरूरी है। आगे उन्होंने बताया कि 3 मार्च 2025 को परसौनी और बनहवा परसा के बीच फाइनल मुकाबला खेला जाएगा। फाइनल मुकाबले में बाल्मीकि नगर सांसद सुनील कुमार का आगमन होगा , जो इस फुटबॉल टूर्नामेंट के मुख्य अतिथि होंगे। वही इस मौके पर खेल संचालक सह प्रदेश महासचिव एससी एसटी प्रकोष्ट जदयू ओजेंद्र कुमार, वार्ड सदस्य प्रतिनिधि कुंदन कुमार, छोटेलाल महतो, रमेश महतो, मथुरा महतो परमेश्वर सिंह, मुन्ना चौधरी, जबार उरांव, मिथिलेश उरांव , जयप्रकाश उरॉव आदि उपस्थित रहे।

# मोतिहारी में विशिष्ट शिक्षकों को दिया गया नियुक्ति पत्र

लोकतंत्र की आवाज

संवाद भवन में विशिष्ट शिक्षक नियुक्ति पत्र वितरण का राज्य स्तरीय समारोह आयोजित किया गया




**ब्यूरो चीफ शशिकांत**
**पूर्वी चंपारण।** मोतिहारी समाहरणालय स्थित डॉ राजेंद्र प्रसाद सभा भवन के सभागार में नियुक्ति पत्र वितरण समारोह का किया गया आयोजन।सक्षमता परीक्षा–2 उत्तीर्ण जिला के 3899 नियोजित शिक्षकों को विशिष्ट शिक्षक के पद पर नियुक्ति का दिया गया नियुक्ति पत्र। पटना के संवाद भवन में विशिष्ट शिक्षक नियुक्ति पत्र वितरण का राज्य स्तरीय समारोह आयोजित किया गया था जहां माननीय मुख्यमंत्री के द्वारा नियुक्ति पत्र का वितरण किया गया। पूर्वी चंपारण जिला में जिला स्तर पर समाहरणालय स्थित डॉ राजेंद्र प्रसाद सभा भवन के सभागार में नियुक्ति पत्र वितरण का कार्यक्रम आयोजित किया गया जहां मोतिहारी प्रखंड के 100 विशिष्ट शिक्षकों को माननीय विधायक मोतिहारी श्री प्रमोद कुमार, उप महापौर नगर निगम मोतिहारी डॉ लालबाबू प्रसाद गुप्ता , प्रभारी जिलाधिकारी सह अपर समाहर्ता मुकेश कुमार सिन्हा और शिक्षा विभाग के पदाधिकारियों के द्वारा नियुक्ति पत्र का वितरण किया गया। मोतिहारी प्रखंड के अतिरिक्त जिला के सभी प्रखंडों के बीआरसी भवन में संबंधित प्रखंड का नियुक्ति पत्र वितरण का समारोह संपन्न हुआ।इस अवसर पर माननीय विधायक सहित उप महापौर एवं प्रभारी जिलाधिकारी के द्वारा नियुक्ति पत्र प्राप्त करने वाले सभी विशिष्ट शिक्षकों को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की गई। इस अवसर पर माननीय विधायक ने कहा कि आप सभी नियोजित शिक्षक सक्षमता परीक्षा उत्तीर्ण कर आज विशिष्ट शिक्षक बन रहे हैं। आपकी सेवा और शर्तों का स्थानांतरण हुआ है। आप सभी से समाज को अपेक्षा है और आशा है आप उसे पूरा करेंगे सफल होंगे। आप सभी पूरी ईमानदारी और निष्ठा के साथ बच्चों को पढ़ाने का संकल्प लें।आपके हाथों में बच्चों का भविष्य है। उन्होंने कहा कि विद्यालय में शिक्षकों के साथ–साथ सभी मूलभूत व्यवस्था की उपलब्धता सरकार के द्वारा सुनिश्चित कराई जा रही है जिससे शिक्षा के क्षेत्र में काफी सकारात्मक बदलाव देखने को मिल रहा है। इस अवसर पर उप महापौर डॉ लाल बाबू प्रसाद गुप्ता ने कहा कि शिक्षक से पूरे समाज को अपेक्षा है और उनके हाथ में बच्चों का भविष्य है। शिक्षक अपनी जिम्मेवारियों को बखूबी निभाएंगे और गुरु–शिष्य परंपरा को पुनः कायम करने में सफल होंगे, ऐसी आशा है।जिला शिक्षा पदाधिकारी के द्वारा बताया गया कि जिला में आज 3899 विशिष्ट शिक्षकों को नियुक्ति पत्र दिया जा रहा है जिसमें 3665 प्रारंभिक शिक्षक हैं, 192 माध्यमिक शिक्षक तथा 42 उच्च माध्यमिक शिक्षक हैं। ये सभी नियोजित शिक्षक पहले पंचायत एवं नगर निकायों में पदस्थापित थे जो सक्षमता परीक्षा उत्तीर्ण कर आज विशिष्ट शिक्षक बने हैं। नियुक्ति पत्र प्राप्त कर सभी शिक्षक आज अपने अपने विद्यालय में योगदान करेंगे और आज से इन्हें सरकारी कर्मियों की सभी सुविधाएं प्राप्त हो जाएगी। आज से विशिष्ट शिक्षक भी सरकारी कर्मी बन जाएंगे।

## बगहा में मनाया गया मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का जन्मदिन



लोकतंत्र की आवाज

**ब्यूरो चीफ नीरज मिश्रा**
**बगहा।** प्रखंड बगहा एक कार्यालय परिसर में विकास पुरुष बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का जन्मदिन मनाया गया। उनके जन्मदिन के अवसर पर बाल्मीकि नगर सांसद सुनील कुमार बाल्मीकि नगर विधायक धीरेंद्र प्रताप सिंह उर्फ रिंकू सिंह एमएलसी जिला अध्यक्ष भीष्म साहनी पूर्व विधायक प्रभात रंजन समेत अन्य पार्टी के तमाम कार्यकर्ताओं के द्वारा केक काटा गया। मुख्यमंत्री के जन्मदिन के शुभ अवसर पर एक संस्कृति कार्यक्रम का आयोजन किया गया था जिसमें नगर क्षेत्र स्कूल के छात्र एवं छात्राओं ने नाटक के माध्यम से नशा मुक्ति कार्यक्रम का आयोजन किया जिसमें नशा करने से लोगों को क्या नुकसान हो सकती है इसकी जानकारियां नाटक के माध्यम से लोगों को दिया। इस दौरान बाल्मीकि नगर सांसद सुनील कुमार बाल्मीकि नगर विधायक रिंकू सिंह कार्यक्रम के संबोधन के दौरान मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की उपलब्धियां को गिनाते हुए बताया कि पहले के बिहार और अब के बिहार में जमीन आसमान का अंतर है पहले के बिहार में लोगों को कहीं जाने के लिए रास्ता के बारे में जानकारी लेनी पड़ती थी लेकिन अब के बिहार में लोग कहीं भी जा सकते हैं।

## मोतिहारीः मेहसी पुलिस ने भारी मात्रा में विदेशी शराब को पकड़ा



लोकतंत्र की आवाज

**ब्यूरो चीफ शशिकांत**
**मोतिहारी।** पंजाब से आ रही शराब से लदी ट्रक को मेहसी पुलिस ने पकड़ा। पुलिस ने बताया कि ट्रक से पिकअप पर शराब को किया जा रहा था अनलोड....पिकअप गाड़ी भी पुलिस ने पकड़ा है।.एसपी स्वर्ण प्रभात के निर्देश पर पुलिस ने किया है कारवाई। एसपी को पंजाब से शराब आने की थी गुप्त सूचना....एसपी स्वर्ण प्रभात ने कहा,कि कारोबारी की हो चुकी है पहचान। मामला दर्ज कर कारोबारी को पकड़ने के लिए छापेमारी जारी।

## मोतिहारी : कालाजार उन्मूलन को लेकर आशा कार्यकर्ताओं को दिया जा रहा प्रशिक्षण बालू मक्खी के काटने से होता है कालाजार

लोकतंत्र की आवाज



**ब्यूरो चीफ शशिकांत**
**मोतिहारी।** 1 मार्च कालाजार उन्मूलन कार्यक्रम के तहत जिले के 23 प्रखंडों के 1200 आशाओं को सदर अस्पताल स्थित आरटीसी केंद्र में भीडीसीओ धर्मेंद्र कुमार एवं गौतम कुमार के द्वारा 21 फ़रवरी से प्रशिक्षण दिया जा रहा है। यह 11 मार्च तक चलेगा।डीभीडीसीओ शरत चंद्र शर्मा ने बताया कि प्रशिक्षण के दौरान आशा कार्यकर्ताओं को कालाजार के लक्षणों की पहचान व उससे बचाव के उपाय बताए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि बालू मक्खी के काटने से कालाजार होता है। जागरूकता कालाजार से बचाव का बेहतर उपाय है। इसलिए आशा प्रशिक्षण के उपरांत घर–घर जाकर कालाजार के मरीजों को खोज करने के साथ आमजनों को भी इसके लक्षणों की पहचान व उससे बचाव के उपाय बताए। बचाव के लिए जागरूकता है बेहतर उपाय वेक्टर जनित रोग नियंत्रण पदाधिकारी डॉ एस सी शर्मा ने बताया कि कालाजार के संपूर्ण उन्मूलन के लिए जागरूकता जरूरी है। इसके लिए सरकार की तरफ से आशा कार्यकर्ताओं को प्रोत्साहन राशि के रूप में 100 रुपये अतिरिक्त दिए जाते हैं। आशा कार्यकर्ता छिड़काव होने से पहले घर–घर जाकर लोगों को इसकी जानकारी देंगी। उन्होंने बताया कि छिड़काव चक्रके दौरान चयनित गांवों के सभी घरों एवं गौशाला के अंदर पूरी दीवार पर दवा का छिड़काव किया जाना है। अगर एक भी घर छिडकाव से वंचित रह गया, तो बालू मक्खी के पनपने का खतरा बना रहेगा। कालाजार के मरीजों को सरकार द्वारा दी जाती है 7100 रुपये की राशि, भीडीसीओ धर्मेंद्र कुमार ने बताया कि बालू मक्खी के काटने से ही कालाजार होता है। उन्होंने बताया कि यह मक्खी कम रोशनी वाली और नम जगहों जैसे मिट्टी की दीवारों की दरारों, चूहे के बिलों तथा नम मिट्टी में रहती है। इसलिए दवा का छिड़काव घरों, गौशालाओं की दीवार पर छह फीट तक किया जाता है। उन्होंने बताया कि क्षतिपूर्ति के रूप में कालाजार के मरीजों को सरकार द्वारा 7100 रुपये की राशि दी जाती है। कालाजार के लक्षणरुक–रुक कर बुखार आना, भूख कम लगना, शरीर में पीलापन और वजन घटना, तिल्ली और लिवर का आकार बढ़ना, त्वचा–सूखी और पतली होना, बाल झड़ना आदि। इससे पीड़ित होने पर शरीर में तेजी से खून की कमी होने लगती है।

## बगहा एक प्रखंड सभागार मे जदयू का बूथ कमिटी एवं जिला संगठन की बैठक एमएलसी सह जिलाध्यक्ष की अध्यक्षता मे बैठक संपन्न

लोकतंत्र की आवाज



**ब्यूरो चीफ नीरज मिश्रा**
**बगहा ।** एक प्रखंड सभागार में जनता दल यूनाइटेड का बूथ कमिटी एवं जिला संगठन की बैठक एमएलसी सह जिलाध्यक्ष भीष्म साहनी की अध्यक्षता मे बैठक संपन्न हुई।इस बैठक मे सांसद सुनील कुमार, वाल्मीकिनगर विधायक धीरेंद्र प्रताप सिंह उर्फ रिंकू सिंह, पूर्व विधायक प्रभात रंजन सिंह, पूर्व विधान पार्षद राजेश राम, बेतिया जिलाध्यक्ष शत्रुघ्न कुशवाहा, जिला संगठन प्रभारी भरत पटेल, बगहा विधानसभा प्रभारी अनिल कुमार, राकेश सिंह, दयाशंकर सिंह, राजेश बैठा, जयेंद्र सिंह, मुन्ना सिंह, श्याम बिहारी गुप्ता, सुरेन्द्र गुप्ता, ओमप्रकाश शाही, बीरेंद्र कुशवाहा, नौशाद अख्तर, रंजन यादव, निवेदिता मिश्रा, नगर अध्यक्ष जुगनू आलम, मुन्ना सिंह प्रखंड अध्यक्ष, इंद्रसेन पांडे, राजेश्वर राव, जीतन जायसवाल इस बैठक में उपस्थित हुए।वही इस बैठक मे एमएलसी सह जिलाध्यक्ष भीष्म साहनी ने संगठन पर विचार विमर्श किया एवं बूथ कमिटी पर जोर देते हुए कहा कि आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर आप हर हाल में तैयार रहे और अपने बूथ कमिटी को काफी मजबूत करे।वही वाल्मीकिनगर विधायक रिंकू सिंह ने कहा आगामी चुनाव को लेकर माननीय मुख्यमंत्री जी के हाथों को मजबूत करना है, जिसको लेकर आप सभी स्तर पर अपने काम में लग जाए और जन–जन तक मुख्यमंत्री की योजना को पहुंचाने का काम करे।

## उत्कृष्ट सामाजिक कार्यों के लिए अवधनाथ ठकुराई व मायाशंकर निर्गुणायत किए गये सम्मानित

लोकतंत्र की आवाज



**क्षितिज राज**
**सेवरही, कुशीनगर।** प्रवासी भारतीय मदद समूह निःस्वार्थ संस्था के संस्थापक अरविंद कुमार सागर ने स्व०राम चन्द्र ठकुराई जन कल्याण सेवा संस्थान के अध्यक्ष अवधनाथ ठकुराई व मद्देशिया वैश्य महा सभा के प्रदेश उपाध्यक्ष मायाशंकर निर्गुणायत को समाज में निरन्तर किए जा रहे सामाजिक कार्य से आह्लादित होकर अपने संस्थान के तरफ से फूल मालाओं के साथ अंग वस्त्र भेंट कर किया सम्मानित। सम्मान समारोह के दौरान अरविंद कुमार सागर ने कहा कि अवधनाथ ठकुराई समाज के वह कोहिनूर है जिन्होंने 15 वर्षो में ग्यारहवा बार 21 वर वधू के जोड़ों की शादी इतनी भव्यता के साथ करायें कि उसकी दिव्यता देखते ही बनती थी।जो इनसे एक बार मिल लेता है वह इनका मुरिद हो जाता है, 144 वर्ष पर लगने वाले महाकुंभ अमृत स्नान प्रयागराज में स्वयं के प्रयास से भय व अभाव वश प्रयागराज तक न पहुंच पाने व स्नान की इच्छा रखने वाले राजपुर बगहा, अहिरौली दान, कतौरा, नैनू पहरुए, माधोपुर बुजुर्ग, गुड्डू शुक्ल, मंझरिया, राजापाकड़, बंगरा, गाजीपुर, गड़इता श्रीराम, पथरवा, बासडीला बाुजुर्ग, लातावाजीता, मुकुन्दपुर, लतवामुरलीधर, सलेम गढ़ बहादुर पुर एवं सेव रही के श्रद्धालुओं को अपने बस से 25 चक्कर में अब तक 1600 लोगों को अमृत स्नान कराकर इन्होंने एक रिकार्ड कायम किया है।वहीं समाजसेवी मायाशंकर निर्गुणायत कोई ऐसा समाजिक कार्य नहीं होगा जिसमें इनकी बढ़ चढ़कर हिस्सेदारी न होती हो।21 वर वधू के सामूहिक विवाह समारोह के ऐतिहासिक सफलता पर हमारी संस्था ने सम्मानित करने का निर्णय लिया इसे पुरा कर एक छोटा सा दायित्व निभाने का प्रयास किया है।ऐसे महान हृदय सम्राट समाजसेवीयो के सभी कार्यक्रमों में दिल खोलकर बढ़–चढ़ कर हम सभी को भाग लेना चाहिए।

## थाना अध्यक्ष संजीत कुमार के नेतृत्व में हुआ जनता दरबार का आयोजन 4 मामलों की हुई सुनवाई, नए 3 आवेदन प्राप्त

लोकतंत्र की आवाज



**क्षितिज राज**
**चौतरवा ।** प्रखण्ड बगहा एक के चौतरवा थाना परिसर में शनिवार को थाना अध्यक्ष संजीत कुमार के नेतृत्व में जानता दरबार का आयोजन हुआ थानाध्यक्ष संजीत कुमार व सीओ बगहा एक नर्वदा श्रीवास्तव के द्वारा जानता दरबार के दौरान भूमि विवाद से जुड़े विभिन्न मामलो की सुनवाई किया गया एक दर्जन वादों की सुनवाई हुई जिनमें 4 मामलो का निष्पादन आपसी सहमति से किया गया। अंचलाधिकारी नर्वदा श्रीवास्तव ने बताई कि भूमि विवाद से संबंधित चार मामलों को आपसी सहमति से सुलझा लिया गया है अन्य मामलो की सुनवाई अगले जानता दरबार के दौरान की जायेगी।वही नए आवेदन के रूप में 3 मामले प्राप्त हुए है। वही जानता दरबार में उपस्थित रहे राजस्व कर्मचारी अजीत कुमार , अमित कुमार व फिरोज कुमार ने बताया कि एक दर्जन मामलो की सुनवाई हुई जिसमे से 4 मामलो का निपटारा किया गया बाकी बचे मामलो की अगले जानता दरबार के दौरान निस्पादित की जायेगी ।

## केंद्रीय कारा मोतिहारी के 2 हजार 5 सौ 48 कैदियों को खिलाई गयी सर्वजन दवा

लोकतंत्र की आवाज



**मोतिहारी।** 28 फ़रवरी फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम के तहत गुरुवार को केंद्रीय कारा मोतिहारी के 2 हजार 5 सौ 48 कैदियों को सर्वजन दवा खिलाई गईं, ताकि जेल के कैदी भी हाथी पाँव से सुरक्षित रहें। इस सम्बन्ध में जिले के सिविल सर्जन डॉ रविभूषण श्रीवास्तव ने फाइलेरिया रोग के बारे में विस्तार से जानकारी दी, उन्होंने बताया कि इस बीमारी में लोगों को हाथीपांव, हाइड्रोसील का फाइलेरिया हो जाता है, वहीं महिलाओं के स्तन में सूजन हो जाता है।इससे बचने के लिए वर्ष में एकबार सर्वजन का सेवन कराया जाता है।वहीं डीभीडीसीओ डॉ शरत चंद्र शर्मा ने कहा विकलांगता करने वाले इस गंभीर रोग से बचाव को डॉ, आशा व अन्य स्वास्थ्य कर्मियों ने अपने सामने कैदियों व जेल पदाधिकारियों को फाइलेरियारोधी दवा का सेवन कराया गया है।उन्होंने बताया की छूटे लोगों को दवा सेवन कराने के लिए मॉप अप राउंड चलाया जाएगा।राज्य स्वास्थ्य समिति द्वारा लोगों को फाइलेरियारोधी दवा का सेवन कराने का निर्देश दिया गया है। उन्होंने कहा कि लगातार पांच साल तक फाइलेरिया की दवा खाने के बाद किसी के शरीर में फाइलेरिया के कृमि होते भी हैं तो वह समाप्त हो जाते हैं।वोलेंटियर के तौर पर गजेंद्र कुमार, दिग्विजय कुमार, प्रेम कुमार, व गार्ड सूरज कुमार ने भी दवा सेवन कार्यक्रम में सहयोग किया।फाइलेरिया से बचाव को खाए डीईसी और अल्बेण्डाजोल की गोली पिरामल के डीएल मुकेश कुमार ने कहा की फाइलेरिया मादा क्यूलेक्स मछड़ के काटने से होने वाला रोग है जिससे बचाव के लिए राज्य सरकार 10 फ़रवरी से सर्वजन दवा का सेवन 02 वर्ष से ऊपर के सभी स्वस्थ लोगों को करवा रहीं है। यह दवा पूरी तरह सुरक्षित है फिर भी किसी किसी को, जो संक्रमित है, हल्का सा चक्कर आना, उल्टी या पेट दर्द हो सकते हैं जो दवाओं के कृमि पर असर होने के कारण होता है और थोड़ी देर आराम करने से स्वतः ठीक हो जाते हैं। फिर भी इससे निबटने हेतु सभी प्रखंडों मे रैपिड रेस्पांस टीम गठित है। केवल ध्यान रखें कि दवा भोजन के बाद ही खायें, यह दवा गर्भवती महिलाओ, गंभीर बीमार लोगों को नहीं खिलाई जाएगी।

## संक्षिप्त खबरें ।

### पीरपैंती: जाम से जीना हुआ मुश्किल

पीरपैंती।दिन प्रतिदिन लगने वाले जाम से लोगों की हालत दयनीय हो गई है। जाम के कारण लोग समय पर स्टेशन नहीं पहुंच पा रहे हैं, उनकी गाड़ियां भी छूट जा रही है। शादी सीमानपुर से गाड़ी पकड़ना आए लोगों की गाड़ी छूट गई। ऐसा देखा जा रहा है कि लगातार लगभग 10 दिनों से शेरमारी चौक पर गाड़ियों की जाम लगी रहती है। कुछ लोगों ने नाम नहीं छापने का शर्त पर बताया कि अतिक्रमण के कारण रोड सकरी हो गई है, टेंपो, टोटो चालक भी रोड पर ही गाड़ी लगा पैसेंजर को चढ़ाते हैं। जिस कारण जाम की स्थिति बनी हुई है। जाम के कारण लोगों की दिनचर्या भी प्रभावित हो रही है। जाम की स्थिति ऐसी हो जाती है कि दो पहिया वाहन भी नहीं निकल पाता है । मिर्जाचौकी के चालक ने बताया एक घंटा से ऊपर जाम में फंसे हुए हैं ।ट्रैक्टर चालक नवीन ने बताया कि जाम से जूझने की आदत हो गई है। हम लोग कुछ कर भी नहीं सकते हैं ।इस पर स्वत संज्ञान लेने की आवश्यकता है।

### सिरदला व परना डाबर थाना परिसर के आयोजित जनता दरबार में एक मामला का किया गया निपटारा

सिरदला नवादा– प्रखंड के सिरदला व परना डाबर थाना परिसर में भूमि विवाद से संबंधित मामलों को लेकर शनिवार को जनता दरबार का आयोजन किया गया। जनता दरबार का आयोजन सिरदला थाना में अंचलाधिकारी अभिनव राज व थानाध्यक्ष संजीत राम की अध्यक्षता में की गई। तथा परना डाबर थाना परिसर में अंचलाधिकारी अभिनव राज व प्रभारी थानाध्यक्ष संजय कुमार द्विवेदी की अध्यक्षता में की गई। कार्यालय के नवीन कुमार से प्राप्त जानकारी के अनुसार सिरदला थाना में दो आवेदन प्राप्त हुआ,जिसमें दोनों पक्ष के कागजात का अवलोकन कर एक मामला का ऑन द सपोर्ट निष्पादन कर दिया गया है। तथा परना डाबर थाना परिसर में दोनो पक्ष के कागजात का अवलोकन कर एक भी मामला का निष्पादन नही किया गया है।मौके पर अंचल के राजस्व कर्मचारी रवि शंकर,एस आई राकेश कुमार गौतम,एस आई गुड्डू कुमार,एस आई प्रियेश कुमार विद्यार्थी समेत लिपिक नवीन कुमार,एवं दर्जनों फरियादी उपस्थित थे।

### सिरदला: 9 लीटर अंग्रेजी शराब के साथ एक गिरफ्तार

सिरदला नवादा– पुलिस ने क्षेत्र के जेंधौल गांव में छापेमारी कर 9 लीटर अंग्रेजी शराब के साथ एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तारी अपर थाना अध्यक्ष अंजली कुमारी के द्वारा किया गया है। सिरदला थाना अध्यक्ष संजीत राम से प्राप्त जानकारी के अनुसार गिरफ्तार व्यक्ति की पहचान जेंधौल गांव निवासी चंद्रिका प्रसाद के पुत्र चंदन कुमार बताया गया है। जिसके विरुद्ध सिरदला थाना कांड संख्या 68/25 प्राथमिकी दर्ज कर गिरफ्तार आरोपी को पुलिस ने व्यवहार न्यायालय नवादा भेज दिया है।

### कुर्की होने के दौरान चारों आरोपित खुद को किया थाने में आत्मसर्पण

रजौली। थाना क्षेत्र के चितरकोली गांव में शुक्रवार को पुलिस कुर्की करने पहुंची।वहीं कुर्की के चारों अभियुक्त एक–एक कर थाने पहुंच आत्मसमर्पण कर दिए।थानाध्यक्ष इंस्पेक्टर राजेश कुमार ने बताया कि कोर्ट द्वारा निर्गत कुर्की वारंट के आलोक थाने में पदस्थापित एएसआई बीरेंद्र पासवान सशस्त्र बलों के साथ चितरकोली गांव कुर्की करने पहुंचे।इसी क्रम में बारी–बारी से कुर्की वारंटी चितरकोली गांव निवासी राजू यादव के पुत्र मिथिलेश यादव,स्व गुंजा यादव के पुत्र राजेश यादव व अनिल यादव एवं स्व बुलक यादव के पुत्र रामा यादव ने थाना में पहुंच गए।थाना परिसर में चारों वारंटियों को गिरफ्तार किया गया।वहीं गिरफ्तार कुर्की वारंटियों का शनिवार को स्वास्थ्य जांच के बाद न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है।

### एक देशी पिस्टल व दो जिंदा कारतूस के साथ एक व्यक्ति गिरफ्तार

गोह( औरंगाबाद ) शुक्रवार की शाम बंदेया पुलिस ने थाना क्षेत्र के बेटुला गांव से एक देशी पिस्टल व दो जिंदा कारतूस के साथ एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। शनिवार की शाम प्रेस वार्ता कर दाउदनगर एसडीपीओ कुमार ऋषि राज ने बताया कि बंदेया थानाध्यक्ष दिनेश कुमार को गुप्त सूचना मिली कि बेटूला गांव निवासी नागेन्द्र यादव अपने घर में छुपाकर अवैध हथियार रखा है। सूचना के निशानदेही पर पुलिस ने छापेमारी कर एक देशी पिस्टल व दो जिंदा कारतूस के साथ उक्त गांव निवासी नागेन्द्र यादव को गिरफ्तार किया है। अवैध हथियार रखने के बारे में काफी पूछताछ किया गया। लेकिन नहीं बताने पर पुलिस ने शनिवार को जेल भेज दिया है।

# एकमा में लालू प्रसाद यादव ने किया कार्यकर्ताओं को संबोधित, पार्टी को मजबूत करने पर दिया जोर

**पार्टी को मजबूत करने के लिए कार्यकर्ता पूरी ताकत से जुटें: लालू प्रसाद यादव**



**लालू प्रसाद यादव का कार्यकर्ताओं से संवाद: भाजपा व उसकी सहयोगी पार्टियों को हराने की रणनीति पर जोर**

एकमा (सारण)। बिहार की राजनीति के दिग्गज नेता व राजद सुप्रीमों लालू प्रसाद यादव ने लंबे समय के बाद एकमा के महागठबंधन के नेताओं व कार्यकर्ताओं से सीधा संवाद किया। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि स्वास्थ्य ठीक नहीं रहने के कारण वे काफी दिनों तक सक्रिय नहीं रह सके, लेकिन अब वे जनता व कार्यकर्ताओं के बीच लौट आए हैं।लालू यादव ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) व उसकी सहयोगी दलों को आगामी विधानसभा चुनावों में हराने की अपील की और कहा कि राजद को मजबूती से चुनावी मुकाबला करना होगा। उन्होंने अपने संबोधन में विधायक श्रीकांत यादव की तारीफ करते हुए उन्हें मजबूत और सरल स्वभाव का नेता बताया। उन्होंने क्षेत्रीय नेताओं व कार्यकर्ताओं से विधायक श्रीकांत यादव को मजबूती प्रदान करने की अपील की।वहीं इस संवाद में मौजूद लोगों ने लालू यादव का गर्मजोशी से स्वागत किया, जिससे यह स्पष्ट हुआ कि उनकी राजनीतिक पकड़ अब भी मजबूत बनी हुई है।

**लोकतंत्र की आवाज**

**एकमा (सारण)।** राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के सुप्रीमो व बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद यादव शनिवार को सारण जिले के नगर पंचायत एकमा बाजार के वार्ड नंबर 13 में राजापुर पहुंचे। जहां एकमा विधानसभा क्षेत्र के राजद विधायक श्रीकांत यादव के नेतृत्व में विधायक व महागठबंधन नेताओं व कार्यकर्ताओं द्वारा लालू प्रसाद यादव का राजद का चुनाव चिन्ह ₹चांदी का लालटेन₹, पुष्प गुच्छ व फूल माला के साथ भव्य ऐतिहासिक स्वागत व अभिनंदन किया गया। इस दौरान गगन भेदी नारे भी लगाए गए।यहां उन्होंने एकमा के राजद विधायक श्रीकांत यादव के आवास परिसर में पार्टी कार्यकर्ताओं को संबोधित किया।लालू प्रसाद यादव ने अपने संबोधन में पार्टी को मजबूत करने व आगामी विधानसभा चुनावों में राजद की स्थिति को सुदृढ़ करने पर जोर दिया। उन्होंने कार्यकर्ताओं से कहा कि वे जनता के बीच जाकर पार्टी की नीतियों को प्रचारित करें और संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूती दें।इस दौरान लालू प्रसाद यादव ने केंद्र व राज्य सरकार की नीतियों पर भी निशाना साधा। उन्होंने महंगाई, बेरोजगारी व किसानों की समस्याओं को लेकर सरकार की आलोचना की और कहा कि राजद हमेशा गरीबों, पिछड़ों, शोषितों, पीड़ितों व वंचितों की आवाज उठाता रहेगा।कार्यक्रम में आगत अतिथियों का स्वागत विधायक श्रीकांत यादव व मंच का संचालन अनवर खान ने किया। इस अवसर पर एकमा विधायक श्रीकांत यादव, मांझी विधायक डॉ सत्येंद्र यादव, गड़खा विधायक व पूर्व मंत्री सुरेंद्र राम, रघुनाथपुर विधायक हरिशंकर यादव, परसा विधायक छोटेलाल राय, राजद नेता शक्ति सिंह यादव, राजद जिलाध्यक्ष सुनील राय, मांझी प्रखंड प्रमुख प्रतिनिधि राजेश प्रसाद, राजद नेता सुभाष प्रसाद यादव, अवधेश यादव, जितेन्द्र यादव, कन्हैया यादव, उमाकांत यादव, एकमा प्रखंड राजद अध्यक्ष वकील यादव, रवि कुमार महतो, राजेश यादव, मन्नान खान, अहमद अली, अशोक चौरसिया, हलचल माली, अशोक राय आदि बड़ी संख्या में राजद नेता कार्यकर्ता व स्थानीय लोग मौजूद रहे। कार्यकर्ताओं ने अपने नेता का जोरदार स्वागत कर एकमा (सारण)। बिहार की राजनीति के दिग्गज नेता व राजद सुप्रीमों लालू प्रसाद यादव ने लंबे समय के बाद एकमा के महागठबंधन के नेताओं व कार्यकर्ताओं से सीधा संवाद किया। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि स्वास्थ्य ठीक नहीं रहने के कारण वे काफी दिनों तक सक्रिय नहीं रह सके, लेकिन अब वे जनता व कार्यकर्ताओं के बीच लौट आए हैं।लालू यादव ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) व उसकी सहयोगी दलों को आगामी विधानसभा चुनावों में हराने की अपील की और कहा कि राजद को मजबूती से चुनावी मुकाबला करना होगा। उन्होंने अपने संबोधन में विधायक श्रीकांत यादव की तारीफ करते हुए उन्हें मजबूत और सरल स्वभाव का नेता बताया। उन्होंने क्षेत्रीय नेताओं व कार्यकर्ताओं से विधायक श्रीकांत यादव को मजबूती प्रदान करने की अपील की।वहीं इस संवाद में मौजूद लोगों ने लालू यादव का गर्मजोशी से स्वागत किया, जिससे यह स्पष्ट हुआ कि उनकी राजनीतिक पकड़ अब भी मजबूत बनी हुई है।

**राजद सुप्रीमों ने एकमा विधायक व महागठबंधन के नेताओं–कार्यकर्ताओं को दिया आशीर्वाद**एकमा (सारण)।राजद सुप्रीमों के द्वारा एकमा के राजापुर में शनिवार को पहुंच कर एकमा विधायक श्रीकांत यादव सहित क्षेत्र के महागठबंधन में शामिल दलों के नेताओं व कार्यकर्ताओं को आशीर्वाद प्रदान किया गया। इस दौरान राजद सुप्रीमों लालू प्रसाद से मुलाकात कर उनका आशीर्वाद व मार्गदर्शन प्राप्त करने के लिए जिले के राजद सहित महागठबंधन के विधायकों, नेताओ व कार्यकर्ताओं का हुजूम दिखाई दिया। बताया गया कि इस स्वागत, अभिनंदन व संवाद कार्यक्रम में कोई राजनीतिक जनसभा नहीं हुई। लेकिन आगामी बिहार विधानसभा चुनाव को भाजपा व उसके सहयोगी दलों से मजबूती से लड़ने की तैयारी को लेकर कार्यकर्ताओं को जरुरी निर्देश जरुर दिया गया। वहीं चुनावी समर में मजबूत रहने हेतु आवश्यक बिंदुओं पर विचार विमर्श भी की गई।

**एकमा से फिर चुनाव लड़ेंगे श्रीकांत यादव, राजद सुप्रीमों लालू प्रसाद यादव ने दिए संकेत** आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर एकमा में राजनीतिक सरगर्मी हुई तेज एकमा (सारण)। राष्ट्रीय जनता दल (राजद) सुप्रीमो व बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद यादव के एकमा के राजापुर में शनिवार को आगमन के बाद से राजनीतिक सरगर्मी तेज हो गई। एकमा विधानसभा क्षेत्र के राजद विधायक श्रीकांत यादव के आवास पर कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए लालू यादव ने आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर बड़ा संकेत दिया।अपने संबोधन में उन्होंने श्रीकांत यादव को एकमा सीट से राजद के मजबूत, सरल व कर्मठ प्रत्याशी के रूप में पेश किया और कार्यकर्ताओं से अपील की कि वे उन्हें मजबूती प्रदान करें। इसी के साथ यह स्पष्ट हो गया कि महागठबंधन की ओर से एकमा सीट पर आगामी विधानसभा चुनाव में राजद के प्रत्याशी श्रीकांत यादव ही होंगे।लालू प्रसाद यादव के इस ऐलान के बाद क्षेत्र में राजनीतिक हलचल बढ़ गई है। राजनीतिक विशेषज्ञों का मानना है कि एकमा विधानसभा क्षेत्र से चुनावी मैदान में उतरने की तैयारी कर रहे विभिन्न दलों के नेताओं के लिए यह एक बड़ा संदेश है। अब उन्हें महागठबंधन प्रत्याशी के विरुद्ध मजबूती से चुनावी समर में उतरने के लिए अपनी रणनीति पर पुनर्विचार करना होगा।

## रजौली:जनता दरबार में आए तीन मामले का किया गया निष्पादन

**लोकतंत्र की आवाज**

**राजेश कुमार सिन्हा**



**रजौली।** थाना परिसर में शनिवार को आयोजित जनता दरबार में तीन मामले का निपटारा किया गया। जिसका नेतृत्व सीओ गुफरान मजहरी व थानाध्यक्ष राजेश कुमार के द्वारा किया गया।जमीन विवाद से मामलों के निष्पादन के दौरान थाने में तैनात पुलिस बल तथा क्षेत्र के चौकीदार गण तथा अंचल कार्यालय में तैनात राजस्व कर्मचारी चन्दन कुमार भी मौजूद रहे।बताते चलें कि सरकार के निर्देश पर प्रत्येक शनिवार को जमीन संबंधी मामलों का निष्पादन के लिए सभी थाने में जनता दरबार का आयोजन किया जाता है।जहां जमीन संबंधी छोटी–छोटी समस्याओं का समाधान सीओ और थानाध्यक्ष द्वारा प्रतिनियुक्त पुलिस पदाधिकारी द्वारा किया जाता है।वहीं जटिल समस्याओं का निष्पादन नहीं होने पर लोगों को ऊपरी अदालत में जाने की सलाह दी जाती है।जमीन संबंधित विवाद के निपटारे को लेकर सीओ गुफरान मजहरी ने बताया कि छतनी,जोगियामारण एवं महसई गांव से जनता दरबार में कुल तीन मामला आया था।उक्त मामलों में दोनों पक्षों की बातें सुनने के बाद मामले का निष्पादन किया गया।

## दिनदहाड़े बैखोफ बदमाशों ने मवोसी व्यापारियों को गोली मारकर लूट की घटना को दिया अंजाम। थाना अध्यक्ष कहते मामले में अभी कुछ नहीं बता पाएंगे

**लोकतंत्र की आवाज**



**सुपौल ।** जिले के राजेश्वरी थाना क्षेत्र में दिनदहाड़े बाइक सवार बैखोप बदमाशों ने एक मवोशी व्यापारियों को गोली मारकर लुट की घटना को अंजाम दिया है, गोली लगने से घायल व्यापारी तड़पता रहा, घटना थाना क्षेत्र के चरणे चौक से सटे पश्चिम चंपावती स्थान के समीप की है ,गोली लगी मवोशी व्यापारी की पहचान जदिया थाना क्षेत्र की मानगंज पश्चिम पंचायत के दतुआ निवासी सागर साह के रूप में की गई है. बताया जाता है कि मवेशी बेचकर लौट रहे व्यापारी थे, तभी अपराधियों ने उसे घेर लिया और पैसे की मांग की जब व्यापारी ने विरोध किया तो अपराधियों ने उसके पैर में गोली मार दी और उसके पास मौजूद नगदी लूटकर फरार हो गए, गोली लगी जख्मी तड़पता रहा। स्थानीय लोगों के सहयोग से घायल को इलाज के लिए अनुमंडलीय अस्पताल त्रिवेणीगंज भेजा गया और स्वजन को घटना की जानकारी भी दी गई. जानकारी मिलने के बाद स्वजन भी त्रिवेणीगंज पहुंच गए. अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी विपिन कुमार, जदिया प्रभारी थानाध्यक्ष सदाम हुसैन अस्पताल पहुंचकर घायल से घटना की जानकारी ली यहा डॉक्टर ने व्यापारी के गंभीर हालत देख उपचार कर बेहतर इलाज के लिए उन्हें रेफर कर दिया,वही इस घटना के बाद इलाके में हड़कंप मच गया है।घटना ने राजेश्वरी थाना प्रभारी संतोष कुमार की कार्यशैली पर कई सवाल खड़े कर दिए हैं स्थानीय लोगों का कहना है कि थाना क्षेत्र में अपराधियों का मनोबल बढ़ता जा रहा है. अपराधियों में राजेश्वरी पुलिस का भय नहीं है इस तरह की वारदात बेहद दुखदायी है। दिनदहाड़े ऐसा होना चिंता का विषय है। माना पुलिस हर जगह मौजूद नहीं हो सकती लेकिन बदमाशों में पुलिस का खौफ होना चाहिए। ताकि आम जनता अमन–शांति से जी सके। हालांकि इस मामले को लेकर राजेश्वरी थाना अध्यक्ष संतोष कुमार से दूरभाष पर पूछा गया उन्होंने कुछ भी बताने से परहेज कर दिया ,साफ शब्दों में कहा इस मामले में अभी कुछ नहीं बता पाएंगे, 5 मिनट में कॉल करके बताते हैं घंटों इंतजार के बाद उनके द्वारा कॉल नहीं की गई, इससे अंदाजा लगाया जा सकते है, इनकी कार्य क्षेत्र कैसा चल रहा है, उनके बयानों से साफ स्पष्ट होता है या इन थानेदार को जानकारी की अभाव है, या घटना पर पर्दा डालने का प्रयास कर रही है।

## सुपौल पहुंचे मंत्री मदन साहनी जिले में 100 शिक्षकों को विशिष्ट शिक्षक के रूप में दिया नियुक्ति पत्र,

**लोकतंत्र की आवाज**



**सुपौल।** समाज कल्याण विभाग के मंत्री एवं सुपौल के प्रभारी मदन सहनी शनिवार को सुपौल पहुंचे यहां समाहरणालय लहटन चौधरी सभागार में आयोजित कार्यक्रम में उन्होंने बिहार विद्यालय विशिष्ट शिक्षक नियमावली 2023 के द्वितीय सक्षमता परीक्षा उत्तीर्ण और काउंसलिंग पूर्ण करने वाले स्थानीय निकाय की शिक्षकों को।विशिष्ट शिक्षक के रूप में औपबंधित नियुक्ति पत्र वितरण किया, इस कार्यक्रम में सांसद दिलेश्वर कामत, पिपरा विधायक रामविलास कामत, बीस सूत्री उपाध्यक्ष राजेन्द्र प्रसाद यादव, जिलाधिकारी कौशल कुमार, एडीएम राशिद कलीम अंसारी, उप विकास आयुक्त सुधीर कुमार, अपर समाहर्ता श्री निशांत, समेत और गणमान्य उपस्थित रहे, कार्यक्रम के दौरान जिले में 96 प्रारंभिक शिक्षकों, 03 माध्यमिक शिक्षकों एवं 01 उच्चतर माध्यमिक शिक्षक को विशिष्ट शिक्षक के रुप में औपबंधिक नियुक्ति पत्र दिया गया। इसके अतिरिक्त प्रखण्ड स्तर पर 878 प्रारंभिक शिक्षकों, 07 माध्यमिक शिक्षकों एवं 03 उच्चतर माध्यमिक शिक्षक को नियुक्ति पत्र प्रदान किए , कुल मिलाकर सुपौल जिले में 100 शिक्षकों को विशिष्ट शिक्षक के रूप में नियुक्ति किया गया, समाज कल्याण मंत्री मदन सहनी ने इस मौके पर कहा कि बिहार में शिक्षकों की नियुक्ति प्रक्रिया पर पारदर्शिता तरीके से की जा रही है उन्होंने बताया कि राजभर में विभिन्न जिले में शिक्षकों को नियुक्ति पत्र वितरण किए गए हैं पटना में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने शिक्षकों के बीच नियुक्ति पत्र का वितरण किया जबकि अन्य जिलों में यह प्रक्रिया पूरी की गई, मंत्री मदन सहनी ने शिक्षकों को संबोधित करते हुए कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में उनकी भूमिका बेहद महत्वपूर्ण है उन्होंने आशा जताई कि सभी शिक्षक अपनी जिम्मेदारी को समझते हुए गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करेंगे और राज्य में शिक्षा व्यवस्था को और मजबूत बनाएंगे। कार्यक्रम में जिलाधिकारी कौशल कुमार ने कहा कि शिक्षकों का काम केवल पढ़ाई तक सीमित नहीं होता है बल्कि वह समाज निर्माण में भी अहम भूमिका निभाते हैं उन्होंने शिक्षकों को अनुशासन और ईमानदारी के साथ अपनी सेवाएं देने की अपील की।

## रजौली: टीबी हारेगा,देश जीतेगा विषय पर एकदिवसीय कार्यशाला का हुआ आयोजन

**लोकतंत्र की आवाज**

**राजेश कुमार सिन्हा**



**रजौली।** प्रखंड सभागार में शनिवार को टीबी हारेगा,देश जीतेगा विषय पर एकदिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया।इस दौरान जिले से आये सीडीओ डॉ माला सिन्हा,बीडीओ संजीव झा,पीएचसी प्रभारी डॉ. सौरभ कुमार निराला,पीएचसी मैनेजर मो. इरशाद अहमद एवं डबल्यूएचओ के प्रतिनिधि के अलावे एएनएम मौजूद रहे।इस दौरान टीबी से संबंधित बातों की जानकारी विस्तारपूर्वक दी गई। डॉ माला सिन्हा ने बताया कि जिले में राष्ट्रीय टीबी उन्मूलन कार्यक्रम के तहत संचालित टीबी हारेगा, देश जीतेगा अभियान को जन आंदोलन का रूप देने की कवायद चल रही है।वर्ष 2025 तक देश को टीबी मुक्त बनाने के प्रयासों के तहत पंचायत स्तर पर जागरूकता संबंधी कई तरह के कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं।इसके तहत जहां पंचायत स्तर पर निक्षय ग्राम सभा का आयोजन किया जा रहा है।वहीं टीबी रोग के प्रति लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से ग्राम शपथ कार्यक्रम व प्रचार सामग्री का वितरण किया जा रहा है।टीबी रोगियों की हो रही खोज––:टीबी उन्मूलन कार्यक्रम का जन आंदोलन का रूप देने के लिये जिला यक्ष्मा केंद्र अपने निर्धारित एजेंडा पर काम कर रहा है। इसकी जानकारी देते हुए जिला संचारी रोग पदाधिकारी डॉ. माला सिन्हा ने बताया कि जिले के सभी प्रखंडों के चिह्नित स्लम एरिया व हाई रिस्क वाले इलाकों में एसटीएस व एसटीएलएस के माध्यम से टीबी रोग के प्रति सघन जागरूकता अभियान का संचालन करते हुए रोगी के घर के आस–पास इलाके के कम से कम 25 घरों से जांच के लिये बलगम संग्रह किया जाना है।उन्होंने बताई कि पंचायत स्तर पर जन प्रतिनिधियों की मौजूदगी में ग्रामीणों की बैठक आयोजित करते हुए लोगों को टीबी रोग के संभावित खतरों के प्रति जागरूक करने का प्रयास करना है ।

## बदलो बिहार महाजुटान रैली में भाग लेने के लिए पूसा से भाकपा–माले का जत्था ट्रेन से रवाना पूसा प्रखंड में कार्यकर्ताओं, नेताओं व पार्टी समर्थकों का रैली की तैयारी का असर दिखेगा पटना में

**लोकतंत्र की आवाज**



**समस्तीपुर ।** पटना के गांधी मैदान में 02 मार्च को आयोजित भाकपा–माले की बदलो बिहार महाजुटान रैली को सफल बनाने के लिए पूसा प्रखंड से भाकपा–माले का करीब हजार की संख्या में जत्था खुदीराम बोस पूसा स्टेशन से पटना को रवाना हो गया। शेष बचे हुए सैकड़ों कार्यकर्ता व समर्थक रविवार की सुबह बड़े– छोटे वाहनों से पटना कूच करेंगे। भाकपा–माले के प्रखंड सचिव अमित कुमार ने प्रखंड के कार्यकर्ताओं, पार्टी नेताओं व समर्थकों के प्रति आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा है कि प्रखंड कमिटी के नेतृत्व में जनता की बड़ी गोलबंदी हुई है। भाकपा (माले) के इतिहास के सबसे बड़े रैली की तैयारी इस बार की गई है। पटना के गांधी मैदान में जनसैलाब उमड़ेगा। दूसरी ओर कार्यकर्ताओं में पार्टी के अधिकारियों में रैली को लेकर एक अलग स्तर का उत्साह देखा जा रहा था।

## यह कैसा शिविर परिमार्जन के नाम पर की जा रही है लुट सीईओ रहती है हमेशा सरकारी दफ्तर से गायब

**लोकतंत्र की आवाज**



**सुपौल ।** बिहार में लगातार बढ़ते भूमि विवाद और इससे उपजे आपराधिक घटनाओं पर लगाम लगाने और सही व्यक्ति को उसका वाजिब हक दिलाने के लिए विशेष भूमि सर्वेक्षण का काम कराया जा रहा है ,जिला प्रशासन विशेष सर्वेक्षण कार्यक्रम के तहत जमाबंदियों का परिमार्जन और डिजिटलीकरण को लेकर एक्शन मोड में है ,उन्होंने सभी अंचल अधिकारियों को निर्देश दिया गया कि वे शिविर आयोजित कर युद्ध स्तर पर कार्य को पूरा करने की हिदायत दी इसके लिए 15 मार्च 2025 की अंतिम समय–सीमा निर्धारित की गई है, लेकिन जिले अंचल अधिकारी प्रियंका सिंह परिमार्जन के नाम पर लूट मचा रखी है शिविर तो छोड़िए विडंबना यह है कि अंचल कार्यालय से सीईओ प्रियंका सिंह खुद हमेशा गायब रहतीं, नाम नहीं छापने के शर्त पर लोगों ने बताया की अंचल कार्यालय छोड़ सीईओ पूरे दिन निजी आवास पर रहते है,जब दुर दराज आए लोग मैडम से मिलने की बात कहती है, तो उनके दलाल बताते हैं की मैडम पटना गई है, एक भी हल्का कर्मचारी राजस्व कचहरी पर नहीं बैठते हैं, सभी के मोबाइल नंबर बंद रहता है,वहां सिर्फ दलाल मौजूद रहते हैं काम कराने के बदले रैयत से मोल भाव तय होते हैं, पैसे के अभाव में लोग निराश होकर लौट जा रहे हैं, लोगों ने यह भी बताया इनका एक हल्का कर्मचारी राज रोशन है जो मैडम की करीबी बताते हैं उनके द्वारा बिना पैसा के एक भी काम नहीं किया जाता है, इनके सैकड़ो दलाल है जो रैयत को काम करने के प्रलोभन देकर अपना शिकार बनाते हैं फिर उन भोले भाले रैयतों से मनचाहे अवैध वसूली करते हैं ,डीएम साहब यह केसा शिविर, सख्ती के बाद भी सीइओ से लेकर हल्का कर्मचारी अपनी कारनामों में करने से बाज नहीं आ रही है? लोगों ने बताया भ्रष्टाचार में लिप्त अंचलाधिकारी प्रियंका सिंह सरकार व राजस्व विभाग एवं जिला प्रशासन की मंशुबे पानी फेर रही है?, इनके यहां आने के बाद त्रिवेणीगंज अंचल कार्यालय को कुव्यवस्था में तब्दील कर दिया है ,इन दिनों सीईओ मैडम खुब सुर्खियों में है ,अंचल में खुलेआम रिश्वतखोरी का नंगा नाच हो रहा है उनके कार्य शैली से ज्यादा इनके कारनामों का चर्चा हो रही है, इनके दलाल के द्वारा मांगी गई पैसा नहीं देने पर सही कार्य को भी बहाना बनाकर रिजेक्ट कर दिया जाता है, जिससे रैयतों को परेशानियों का सामना करना पड़ता है, उक्त सीओ की कार्यशैली के कारण अंचल का नाम बदनामियों से सुझ रहा है, भ्रष्टाचार को बढ़ावा देना, खुब पैसा कमाना सीईओ महोदिया की पुर्व का इतिहास रहा है सीईओ पर कार्रवाई न होते देख लोगों में नाराजगी है, लोगों ने जिला प्रशासन से आग्रह किया है कि अभिलंब इस तरह की भ्रष्ट अंचल अधिकारी त्रिवेणीगंज से हटाया जाए, यह अंचल अधिकारी भ्रष्टाचार में लिप्त है इनको सिर्फ पैसा चाहिए,यहां आने के बाद भूमि विवाद अधिक बढ़ रही है ।

## संक्षिप्त खबरें ।

### पीड़ित वार्ड सदस्य ने एसडीपीओ कार्यालय में आवेदन देकर न्याय की गुहार लगाई है



लोकतंत्र की आवाज
सिमरी बख्तियारपुर /सहरसा। सलखुआ थाना क्षेत्र के हरिपुर निवासी वार्ड सदस्य रौशन कुमार ने शनिवार को एसडीपीओ कार्यालय सिमरी बख्तियारपुर में पहुंच आवेदन देकर अपने व परिवार की सुरक्षा की गुहार लगाया है। मामला सलखुआ थाना क्षेत्र के हरिपुर गांव का है। वहीं हरिपुर निवासी रौशन कुमार ने गांव के आरोपी को 5000, हजार रुपए दिया था। रूपए को लेकर दोनों पक्षों के बीच मारपीट हुई थी। इसको लेकर 15 .2 .2025 को सलखुआ थाना में मामला दर्ज किया गया था। इसी मामले को लेकर शनिवार को अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सिमरी बख्तियारपुर को आवेदन दिया गया।दिए गए आवेदन में कहा कि सलखुआ थाना में दर्ज कांड सं 32/25 के अनुसंधान कर्ता के द्वारा विपक्षी के मेल में आकर किसी प्रकार की कार्रवाई नहीं कर रहे हैं। फलस्वरूप विपक्षी का मनोबल चरम सीमा पर है। खुलेआम मुझे जान से मारने की धमकीं देते हैं। इससे मैं व मेरा परिवार डरे हुए हैं। वहीं पीड़ित व्यक्ति ने एसडीपीओ मुकेश कुमार ठाकुर से गुहार लगाते हुए अपने स्तर से जांच कर गिरफ्तार कर कार्यवाही की मांग गई है।

### कोशी एग्रो फॉर्म मशरूम की खेती के लिए किसानों को दे रहा प्रशिक्षण



लोकतंत्र की आवाज
सहरसा संवादाता। प्रमंडल स्तरीय उद्यान प्रदर्शनी सह प्रतियोगिता 2024–25 में कई किसानों ने अपनी––अपनी प्रदर्शनी लगाई। इसमे शामिल किसानों के उत्कृष्ट प्रदर्श को पुरस्कृत भी किया गया। जिसमें सब्जी, फल, फूल, मसाला , माखन, शहद, औषधीय पौधा वर्मी कंपोस्ट सहित मशरूम का भी स्टॉल लगाया गया। इस प्रदर्शनी में सब से खास बात ये दिखी की कोसी के इलाके में ऑयस्टर मशरूम की खेती तो कर लेते है लेकिन बाजार नहीं मिलता था लेकिन अब कोशी एग्रो फॉर्म के द्वारा मशरूम से कई तरह का व्यंजन बनाकर कैफे में बेचकर लोगों के बीच मशरूम की लोकप्रियता बना रहे है। वहीं कोशी एग्रो फॉर्म के द्वारा मशरूम किसान से ऑयस्टर मशरूम लेकर उसे ड्राय कर बाहर भेज रहीं है। इस प्रक्रिया से अब मशरूम किसान को बेचने की चिंता नहीं करनी है। कोई भी मशरूम किसान कोशी एग्रो फॉर्म से सम्पर्क कर अपना मशरूम बेच सकतें है। इस संस्था में मो अजहर उद्दीन, राहुल गौरव, संदीप केशरी और मोहम्मद समीम अंसारी मशरूम के क्षेत्र में बेहतर कार्य कर रहें है। उन्होंने बताया कि मशरूम उत्पादन के लिए संस्था द्वारा किसानों को सभी आवश्यक जानकारी दी जा रही है। जिसके कारण बड़ी संख्या में मशरूम की खेती करने के लिए लोगों में जागरूकता बढी है। वही मशरूम उत्पादन के द्वारा किसान अपनी आय को बढ़ा सकती है। उन्होंने कहा कि अब मशरूम से बिस्किट एवं अन्य पौष्टिक चीजों का निर्माण भी किया जा रहा है। जिसकी बाजार में अच्छी डिमांड है। इस अवसर पर बड़ी संख्या में किसान मौजूद थें।

### बिजली के शॉर्ट सर्किट से घर में लगी आग, लाखों की समान जलकर राख



लोकतंत्र की आवाज
पतरघट सहरसा संवादाता। पस्तपार थाना क्षेत्र के पामा पंचायत स्थित सिरहा वार्ड 01 में गुरुवार को बिजली के शॉर्ट सर्किट से आग लगने से लाखों रुपये की सम्पत्ति जलकर बर्बाद हुआ। आग लगने के बाद स्थानीय ग्रामीणों ने अपनी तत्परता से करीब एक घंटा बाद आग पर काबू पाया। शार्ट सर्किट से आग लगने से सोनी देवी पति हरेराम मेहता की किराना दुकान, विकास कुमार का श्रृंगार दुकान में रखा सामान जलकर राख हुआ। सोनी देवी, विकास कुमार के अलावे राजेंद्र मेहता पिता मदन मेहता, धर्मवीर कुमार पिता नवल किशोर मेहता के घर को भी अपने चपेट में ले रखा। घटना कि सूचना पर पस्तपार थाना से सअनि जितेंद्र कुमार ने पुलिस बल के साथ पहुंच कर जानकारी लिया। स्थानीय लोगों का कहना है कि प्रखंड क्षेत्र में दो थाना है लेकिन एक भी फायर ब्रिगेड की टीम नहीं है। अग्निशमन बाहर नहीं रहने के कारण से क्षेत्र में आग लगी जैसी घटना पर काबू नहीं पाया जा सकता है। नहीं तो नुकसान और अधिक हो सकता है. हालांकि राहत की बात यह रही कि इस घटना में कोई हताहत नहीं हुआ. पीड़ित गृहस्वामी ने सीओ एवं थाना अध्यक्ष को आवेदन देते सरकारी स्तर से सहयोग की मांग किया है।

### मुख्यमंत्री का 74वां जन्मदिन कदवा प्रखंड में जदयू कार्यकर्ताओं ने मनाया



लोकतंत्र की आवाज
प्रवीण कुमार
कटिहार। बिहार राज्य के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का 74वां जन्मदिन कदवा प्रखंड में जदयू कार्यकर्ताओं ने बड़े ही धूमधाम से मनाया। कदवा प्रखंड जदयू अध्यक्ष विजय दास के नेतृत्व में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का 74वां जन्मदिन मनाया गया। इस अवसर पर जदयू नेता मुकेश कुमार, मनोज भारती, सुनील मंडल, ऋतुराज मिश्रा, अजय तांती, प्रवीण विश्वास,टिंकू वर्मा, बैजनाथ विश्वास, चंदन भगत, रामानंद मंडल, नीरज सरकार, राजीव रंजन बॉस सहित अन्य जदयू नेताओं ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के चित्र के आगे केक काटकर खुशी का इजहार किया। केक काटने के पश्चात जदयू प्रखंड अध्यक्ष विजय दास ने कहा कि बिहार में पहले मुख्यमंत्री नीतीश कुमार हैं,जो अपने कार्यकाल में बिहार का बेहतर विकास कर देश के नक्शे पर बिहार राज्य को अव्वल स्थान पर पहुंचा दिया है। नीतीश कुमार के 74वें जन्म दिन के अवसर पर जदयू नेताओं ने खुशी मनाएं और मिठाई वितरण किया गया।

# पैनोरमा पब्लिक स्कूल का 5 वां वार्षिकोत्सव आज, वीआईपी सुप्रीमो मुकेश सहनी करेंगे कार्यक्रम का उद्घाटन : संजीव मिश्रा

लोक तंत्र कीआवाज

**छातापुर।** पैनोरमा पब्लिक स्कूल के 5वें वार्षिकोत्सव समारोह की सभी तैयारियाँ पूरी हो गई हैं, और यह समारोह 2 मार्च को छातापुर में धूमधाम से आयोजित किया जाएगा। इस विशेष अवसर पर बिहार सरकार के पूर्व मंत्री और वीआईपी के सुप्रीमों मुकेश सहनी समारोह का उद्घाटन करेंगे। समारोह में स्कूली बच्चों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए जाएंगे, जो पूरे क्षेत्र को एक नए उत्साह से भर देंगे।

**सांस्कृतिक कार्यक्रम में अक्षरा सिंह और अल्ताफ राजा की प्रस्तुतिः** पैनोरमा ग्रुप्स के सीएमडी संजीव मिश्रा ने बताया कि इस बार के वार्षिकोत्सव में भोजपुरी फिल्म इंडस्ट्री की लोकप्रिय अभिनेत्री और गायिका अक्षरा सिंह और बॉलीवुड के मशहूर गायक अल्ताफ राजा अपनी प्रस्तुतियों से कार्यक्रम में रंग भरेंगे। अक्षरा सिंह और अल्ताफ राजा की प्रस्तुतियों के दौरान दर्शकों को मनोरंजन और नृत्य संगीत का बेहतरीन अनुभव मिलेगा।

**बच्चों के प्रतिभा प्रदर्शन और पुरस्कार वितरणः** वार्षिकोत्सव की शुरुआत स्कूली बच्चों के अद्वितीय प्रदर्शन से होगी, जिसमें नृत्य, संगीत और थिएटर जैसी कला के विभिन्न रूपों का प्रदर्शन किया जाएगा। कार्यक्रम के समापन के बाद, मुकेश सहनी और अन्य विशिष्ट अतिथि बच्चों को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए सम्मानित करेंगे। यह पुरस्कार बच्चों के आत्मविश्वास को बढ़ावा देगा और उनके प्रयासों का मूल्यांकन करेगा।



**सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम और डिजिटल पास की व्यवस्थाः** समारोह की भव्यता को देखते हुए, आयोजन समिति ने सुरक्षा के सभी इंतजामों को सुनिश्चित किया है। पूरे कार्यक्रम स्थल पर सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएंगे और सुरक्षा बलों की तैनाती की जाएगी। इसके अलावा, दर्शकों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए, डिजिटल पास की व्यवस्था की गई है। आयोजक द्वारा प्रदान किए गए लिंक के माध्यम से लोग अपना पास डाउनलोड कर सकते हैं, ताकि कार्यक्रम में प्रवेश में कोई कठिनाई न हो।

**शहरवासियों का उत्साह और कार्यक्रम की अहमियतः** संजीव मिश्रा ने कहा, ₹यह वार्षिकोत्सव न केवल हमारे स्कूल के लिए, बल्कि छातापुर और सुपौल के क्षेत्र के लिए एक ऐतिहासिक अवसर है। इस कार्यक्रम के माध्यम से हम बच्चों की शिक्षा, कला और संस्कृति को सम्मानित कर रहे हैं।₹ कार्यक्रम को लेकर शहर में जबरदस्त उत्साह है, और लाखों लोगों के इस भव्य समारोह में शामिल होने की संभावना है। कार्यक्रम स्थल पर सुरक्षा और व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए प्रशासन द्वारा सभी प्रबंध किए गए हैं।

- भोजपुरी अभिनेत्री अक्षरा सिंह और बॉलीवुड गायक अल्ताफ राजा अपनी प्रस्तुतियों से कार्यक्रम में भरेंगे रंग

**कलाकारों का योगदान और उत्साह :** समारोह में अक्षरा सिंह और अल्ताफ राजा की प्रस्तुति को लेकर दर्शकों में गजब का उत्साह है। इन कलाकारों की मौजूदगी ने इस वार्षिकोत्सव को और भी खास बना दिया है। उनकी गायन और नृत्य प्रस्तुतियाँ न केवल मनोरंजन का स्रोत होंगी, बल्कि बच्चों को भी प्रेरित करेंगी। पैनोरमा पब्लिक स्कूल का यह 5वां वार्षिकोत्सव न केवल बच्चों के लिए, बल्कि पूरे क्षेत्र के लिए एक महत्वपूर्ण और यादगार अवसर बनेगा। मुकेश सहनी के उद्घाटन से लेकर अक्षरा सिंह और अल्ताफ राजा की प्रस्तुतियों तक, यह कार्यक्रम पूरे क्षेत्र में खुशी और उल्लास का माहौल बनाएगा। यह समारोह बच्चों, समुदाय और शिक्षा के प्रति हमारे समर्पण को प्रदर्शित करने का बेहतरीन तरीका है।

# लोजपा प्रखंड अध्यक्ष ने केन्द्रीय मंत्री चिराग पासवान को पत्र के माध्यम से दी जानकारी



लोकतंत्र की आवाज

**अमित कुमार**
**सौर बाजार (सहरसा) संवाददाता।** लोक जनशक्ति पार्टी के प्रखंड अध्यक्ष एवं उनके कार्यकताओं के द्वारा प्रखंड विकास पदाधिकारी के द्वारा भ्रष्टाचार में लिप्त पाए जाने का आवाज़ उठाने पर प्राथमिकी दर्ज करा के झूठे मुकदमे में फंसाया गया है। जिसको लेकर प्रखंड अध्यक्ष ने लोजपा सुप्रीमो चिराग पासवान को पत्र देकर जानकारी दी है। वही पीड़ित ने कोसी प्रमंडल के आयुक्त, उपविकास आयुक्त, डीएम, निगरानी विभाग, एसडीओ सहित अधिकारियों को पत्र देकर न्याय की गुहार लगाई है।

आवेदन में पीड़ित अभिषेक आनन्द प्रखंड अध्यक्ष लोक जन शक्ति पार्टी (राम विलास) ने कहा है कि सौर बाजार मेरे एंव अन्य कार्यकत्ता द्वारा प्रखंड विकाश प्रखंड पदाधिकारी सौर बाजार द्वारा भ्रष्टाचार में संलिप्त रहने के संबंध में श्रीमान् आयुक्त महोदय कोशी प्रमंडल, सहरसा को दिनांक 01.02.2025 को एंव श्रीमान् जिला पदाधिकारी सहरसा तथा उप विकाश आयुक्त सहरसा को एंव निगरानी विभाग पटना को लिखित आवेदन दिया। जिसपर जाँच की कार्यवाही चल रही है। उसी आक्रोश से सौर बाजार प्रखंड विकाश पदाधिकारी अपने दलाल संतोष कुमार के साथ अपराधी षड़यंत्र रचकर प्रसांगधीन झूठा कांण्ड अंकित कराया गया। व मेरे और मेरे पार्टी कार्यकर्ता के मनोवल को दवाने के नियत से झूठा केस बना कर फसाया गया एंव सत्यता छिपाया जा रहा है। श्रीमान् प्रखंड विकाश पदाधिकारी सौर बाजार दलाल संतोष कुमार के सहयोग से प्रखंड कार्यलाय में भ्रष्टाचार का ताण्डव की जा रहा है व मनमाने तरीका से योजनाओं का कियान्वयन किया जा रहा है जो सरकारी मानक के अनुरूप नहीं रहता है जो भी व्यक्ति भ्रष्टाचार के खिलाफ अवाज उठाता है उसके उपर झूठा आवेदन देकर मोकदमा कर दिया जाता है, और विभिन्न तरीकों से प्रताड़ित किया जाता है। जिससे जनता में गलत संदेश जा रहा है वो सुशासन को बदनाम किया जा रहा है। अतः श्रीमान् के पास आवेदन देकर प्रार्थना करते हैं कि अपने स्तर से जाँच करवाकर मेरे निर्दोष कार्यकर्ताओं के साथ न्याय करने की कृपा की जाय ।

## सहरसा के पतरघट में पैक्स गोदाम में हुए चोरी के मामले में दो चोर गिरफ्तार



**लोकतंत्र की आवाज**
**पतरघट सहरसा संवादाता।** पतरघट थाना क्षेत्र के धबौली दक्षिणी स्थित निर्माणाधीन पैक्स गोदाम में हुई चोरी के मामले में पतरघट को चोरी का सामान बरामदगी सहित दो आरोपी को गिरफ्तार करने में कामयाबी हाथ लगी है। थाना अध्यक्ष रौशन कुमार ने कहा कि बीते 22 फरवरी की रात धबौली दक्षिणी पंचायत के निर्माणाधीन पैक्स गोदाम में अज्ञात चोरों द्वारा चोरी की घटना में पैक्स अध्यक्ष द्वारा आवेदन दिये जाने पर रिपोर्ट दर्ज किया गया था। उनके नेतृत्व में एएसआई विष्णुदेव कुमार मोदी द्वारा गुरुवार को पस्तपार थाना क्षेत्र के धबौली पूर्वी पंचायत स्थित केशवपुर निवासी राकेश कुमार पिता नवेश राम को गिरफ्तार करते उनके घर से चोरी गया सामान में एक चापाकल, एक पानी वाला मोटर, राज्य मिस्त्री का 8 करणी, एक पट्टा, दो रूसा, चार कुदाल, एक हथौड़ा बरामद किया गया। आरोपी राकेश कुमार को गिरफ्तार करते एक विधिविरुद्ध बालक को निरूद्ध किया। जिसे न्यायालय भेजा गया। थाना अध्यक्ष ने कहा चोरी की घटना में संलिप्त अन्य चोरों की पहचान कर ली गई है।

# जेनिथ पब्लिक स्कूल में विज्ञान प्रदर्शनी में छात्रों ने जीते दिल

लोक तंत्र कीआवाज

> जेनिथ पब्लिक स्कूल, जोगबनी में आयोजित विज्ञान प्रदर्शनी में छात्रों ने अपने अद्वितीय मॉडल्स और परियोजनाओं के माध्यम से दिखाया कि कल के वैज्ञानिक हमारे समाज और राष्ट्र के लिए महत्वपूर्ण योगदान देने के लिए तैयार हैं।

**जोगबनी।** राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के अवसर पर जेनिथ पब्लिक स्कूल, जोगबनी में एक शानदार विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। इस भव्य आयोजन का उद्घाटन स्कूल की प्रिंसिपल कविता खान और निदेशक खुर्शीद खान ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस दौरान उन्होंने छात्रों की वैज्ञानिक सोच की सराहना करते हुए कहा, ₹आज के ये युवा वैज्ञानिक, जिन्होंने अपने विचारों और कल्पनाओं को वास्तविकता में बदला है, आने वाले समय में भारत और दुनिया को नए और महत्वपूर्ण रास्तों पर ले जाएंगे। उनके इनोवेशन भविष्य में ऊर्जा बचत, प्रदूषण नियंत्रण, एआई, रोबोटिक्स और स्वच्छ जल जैसे क्षेत्रों में अहम भूमिका निभाएंगे।₹

**विज्ञान प्रदर्शनी में प्रदर्शित मॉडल्स और नवाचारः** प्रदर्शनी में छात्रों ने अपनी मेहनत और रचनात्मकता से विभिन्न अभिनव मॉडल्स और प्रोजेक्ट्स प्रस्तुत किए, जिनमें वाटर ट्रीटमेंट प्लांट, स्मोकिंग मशीन, बृक्स फैक्ट्री, ज्वालामुखी, सोलार सिस्टम, वैक्यूम क्लीनर, टोकिंग रोबोट, मॉडर्न सिटी, प्रोटोटाइप ड्रोन, चॉकलेट वेंडिंग मशीन, पक्का हाउस, इमरजेंसी गैस, डिजिटल प्रोटेक्टर, रोबोट, ऑटोमेटिक स्ट्रीट लाइट कंट्रोलर, विंड मिल, सर्कुलेटरी सिस्टम, स्नेक बम, लूनार इस्क्लिप जैसे विज्ञान आधारित मॉडल्स शामिल थे। इन परियोजनाओं ने न केवल प्रदर्शनी में उपस्थित दर्शकों का ध्यान आकर्षित किया, बल्कि विज्ञान के प्रति छात्रों का गहरा लगाव भी प्रदर्शित किया।

**छात्रों द्वारा दी गई जानकारी और संवादः** प्रदर्शनी में सभी छात्रों ने अपने-अपने मॉडल्स के बारे में विस्तार से जानकारी दी और आगंतुकों के सवालों का शांतिपूर्वक उत्तर दिया। बच्चों ने यह भी बताया कि उनके द्वारा बनाए गए प्रोजेक्ट्स समाज में कैसे बदलाव ला सकते हैं। उनके उत्साह और जानकारीपूर्ण प्रस्तुति ने यह साबित कर दिया कि आने वाली पीढ़ी न केवल विज्ञान में रुचि रखती है, बल्कि वह समाज में सकारात्मक बदलाव लाने के लिए तैयार भी है।

**शिक्षकों का योगदान :** प्रदर्शनी की सफलता में स्कूल के विज्ञान शिक्षकों की भी महत्वपूर्ण भूमिका रही। राजीब भट्टाचार्य, इरफान अली, रूबी कुमारी, गणेश ठाकुर, राजू झा, रौशन झा, पायल लड्डा, अभिनव कुमार, अभिनव राय, विवेक गुप्ता, आशीष रंजन, विवेक देवनाथ, विवेक कुमार और विकाश जैसे शिक्षकों ने बच्चों को अपने प्रोजेक्ट्स पर काम करने के लिए प्रेरित किया और उन्हें हर कदम पर मार्गदर्शन दिया।

**समारोह का महत्व और भविष्य के संकेतः** इस कार्यक्रम ने यह सिद्ध कर दिया कि आज के युवा वैज्ञानिकों के पास दुनिया को बदलने की शक्ति है। बच्चों ने दिखा दिया कि कैसे छोटे-छोटे नवाचार न केवल उनकी सोच को विस्तारित करते हैं, बल्कि वे समाज में व्याप्त समस्याओं का समाधान भी प्रस्तुत कर सकते हैं। प्रदर्शनी का आयोजन यह संदेश देता है कि विज्ञान में रुचि रखने वाले बच्चे हमारे देश के भविष्य के निर्माण में अहम भूमिका निभाएंगे। इन बच्चों की वैज्ञानिक दृष्टिकोण और नवीनता न केवल उन्हें व्यक्तिगत रूप से उन्नति दिलाएगी, बल्कि हमारे समाज को भी एक नई दिशा प्रदान करेगी। इस सफल आयोजन ने बच्चों को विज्ञान के क्षेत्र में और भी उत्कृष्ट कार्य करने के लिए प्रेरित किया।

# विभागीय आदेश के बावजूद डीलरों को नहीं मिलता है बोरी वजन खाद्यान्न

लोकतंत्र की आवाज

**सहरसा संवादाता।** जिले के सभी प्रखंडों में टीपीडीएस गोदामों से जनवितरण प्रणाली दुकान तक शत प्रतिशत खाद्यान्न उपलब्ध करवाने हेतु जिलाधिकारी वैभव चौधरी ने आपूर्ति टास्क फोर्स की बैठक में निदेश जारी किया है।

जानकारी हो कि जनवितरण दुकान पर पहुँचने वाले खाद्यान्न की बोड़ी का वजन भी लगभग 580 ग्राम होता है। टीपीडीएस गोदाम पर डीलरों को चावल अथवा गेहूं दिया जाता है लेकिन बोड़ी वजन का खाद्यान्न सहायक प्रबंधक द्वारा खास कर कहरा टीपीडीएस, सौरबाजार टीपीडीएस, पतरघट टीपीडीएस, सोनवर्षा टीपीडीएस आदि गोदामों पर गबन कर लिया जाता है।



उप महाप्रबंधक जन वितरण से प्राप्त सूचना अधिकार से सूचना पत्रांक 2664 के अनुसार बोरा का वजन 580 ग्राम होता है।

जन वितरण प्रणाली विक्रेता के दुकान पर एस०आई०ओ० के अनुरूप आवंटित खाद्यान्न की मात्रा का वजन कर डोर स्टेप डिलेवरी के माध्यम से खाद्यान्न मुहैया कराया जाता है एवं सही माप का प्रमाण पत्र जन वितरण प्रणाली विक्रेता से प्राप्त किया जाता है। भारतीय खाद्य निगम से प्राप्त होने वाला खाद्यान्न का वजन बोरा के साथ कराया जाता है एवं बोरा का वजन अलग से किया जाता है। खाद्यान्न की प्राप्ति वास्तविक वजन नेट वेट के आधार पर प्राप्त किया जाता है।

# बूथ स्तर पर लोगों को खिलाई जा रही है फाइलेरिया से बचाव की दवाएं



लोकतंत्र की आवाज

**प्रवीण कुमार**
**कटिहार।** लोगों को फाइलेरिया बीमारी से सुरक्षित रखने के लिए स्वास्थ्य विभाग द्वारा 10 फरवरी से जिले के सभी प्रखंडों में सर्वजन दवा सेवन (एमडीए) अभियान चलाया जा रहा है। इस दौरान स्वास्थ्य कर्मियों द्वारा 02 वर्ष से अधिक उम्र के सभी लोगों को उनके घर और सामुदायिक केंद्रों तक पहुंचकर फाइलेरिया से सुरक्षा की दवाई खिलाई जा रही है। लोगों को घर के साथ-साथ कार्यरत क्षेत्रों में फाइलेरिया सुरक्षा की दवाई उपलब्ध कराने के लिए स्वास्थ्य कर्मियों द्वारा जिले में बूथ स्तर पर एमडीए कार्यक्रम का संचालन किया जा रहा है। इस दौरान कार्यालयों, स्कूलों, कॉलेजों और जेल में स्वास्थ्य कर्मियों द्वारा उपस्थित लोगों को दवा सेवन कराते हुए भविष्य में फाइलेरिया ग्रसित होने से सुरक्षित किया जा रहा है।

**बी.टेक कॉलेज में 1200 लोगों को खिलाई गई फाइलेरिया से सुरक्षा की दवाई :** बूथ स्तर पर उपस्थित लोगों को फाइलेरिया से सुरक्षित करने के लिए स्वास्थ्य कर्मियों द्वारा जिले के बी.टेक कॉलेज में उपस्थित लोगों को फाइलेरिया से सुरक्षा के लिए डीईसी और एल्बेंडाजोल की गोली का सेवन कराया गया। इस दौरान स्वास्थ्य कर्मियों द्वारा कॉलेज में उपस्थित 1200 से अधिक छात्र-छात्राओं और शिक्षकों को फाइलेरिया से सुरक्षा की गोली का सेवन कराया गया। सभी लोगों द्वारा दवा का सेवन स्वास्थ्य कर्मियों के सामने किया गया। इस दौरान कटिहार सदर प्रखंड के भीबीडीएस संजीव कुमार के साथ साथ सहयोगी संस्था पिरामल स्वास्थ्य एबीसी टीम के जिला लीड आजाद सोहेल, प्रोग्राम अधिकारी अभिमन्यु कुमार सहित अन्य सदस्य दुर्गा कुमारी, स्वीटी कुमारी, तनु कुमारी, किरण कुमारी, पल्लवी कुमारी और मोना कुमारी द्वारा सभी लोगों को फाइलेरिया बीमारी से सुरक्षा के लिए दवा सेवन की महत्वता की आवश्यक जानकारी दी गई। सभी लोगों को बताया गया कि साल में एक बार फाइलेरिया से सुरक्षा की दवा का सेवन करने से संबंधित लाभार्थी भविष्य में कभी फाइलेरिया ग्रसित होने से सुरक्षित रह सकते हैं। इसके साथ साथ पहले से किसी व्यक्ति के शरीर में फाइलेरिया के कीटाणु उपस्थित होने पर दवा सेवन करने से नष्ट हो जाता है। साल में एक बार फाइलेरिया से सुरक्षा की दवा का सेवन करने से संबंधित व्यक्ति भविष्य में कभी फाइलेरिया ग्रसित होने से सुरक्षित रहेंगे और सामान्य जीवनयापन का लाभ उठा सकेंगे। एमडीए अभियान के दौरान स्वास्थ्य कर्मियों द्वारा जिला कारागार केंद्र में 1183 लोगों, नवोदय विद्यालय में 560 लोगों को और आईटीबीपी कैम्प कोढ़ा में 540 लोगों को फाइलेरिया से सुरक्षा के लिए दवा का सेवन कराया गया। जेल भी सभी लोगों द्वारा दवा सेवन करते हुए फाइलेरिया से अपना जीवन सुरक्षित किया गया।

- स्कूल और कॉलेज में उपस्थित विद्यार्थियों द्वारा किया जा रहा है डीईसी और एल्बेंडाजोल गोली का सेवन

# रमज़ान अल-मुबारकः आध्यात्मिकता, सहानुभूति और सामाजिक समर्पण का महीना

लोक तंत्र कीआवाज

**शंकरपुर।** रमज़ान अल-मुबारक, इस्लामी कैलेंडर का नवां महीना है, जिसे मुसलमानों के लिए विशेष धार्मिक और आध्यात्मिक महत्व प्राप्त है। यह महीना इबादत, तक़वा (परहेजगारी), और ज़कात देने का अवसर प्रदान करता है, जो समाज में एकता, सहानुभूति और दया की भावना को प्रोत्साहित करता है। रमज़ान में मुसलमान रोज़ा रखते हैं, नमाज़ अदा करते हैं, और गरीबों की मदद के लिए दान देते हैं, जिससे उनका जीवन अधिक आध्यात्मिक और समर्पित बनता है।



फैसल एजुकेशनल सोसाइटी के चेयरमैन जनाब फिरोज आलम नदवी ने रमज़ान के महत्व को स्पष्ट करते हुए कहा, ₹रमज़ान एक ऐसा महीना है जब हम अपने जीवन में तक़वा और आध्यात्मिकता को बढ़ाते हैं। इस महीने में हर मुसलमान अपने नफ़स (आत्मा) को सुधारने और अल्लाह के प्रति अपनी निष्ठा को पुनः मजबूत करने के लिए इबादत करता है।₹ उन्होंने बताया कि रमज़ान के दौरान मुसलमान तरावीह नमाज़ पढ़ते हैं और ज़कात तथा सदक़ा देकर गरीबों और जरूरतमंदों की मदद करते हैं। इसके साथ ही, वे अपने दिनों को कुरआन की तिलावत और दुआओं में बिताते हैं और रातों को तरावीह और क़याम-उल-लैल (रात की विशेष नमाज़) अदा करते हैं।

फिरोज आलम नदवी ने इस महीने की सामाजिक भूमिका को भी महत्वपूर्ण माना, और कहा, ₹रमज़ान न केवल हमारे व्यक्तिगत सुधार का महीना है, बल्कि यह एक ऐसा समय है जब हम समाज के जरूरतमंदों के लिए अपनी मदद की भावना को प्रकट करते हैं। इफ्तार का सामूहिक आयोजन, एक-दूसरे के साथ साझा करना, और ज़कात तथा सदक़ा देना, इस महीने की विशेषताएँ हैं। यह हमें दया, सहानुभूति और समाज में भाईचारे को बढ़ावा देने की प्रेरणा देता है। गंगा-जमुनी तहज़ीब पर अपने विचार साझा करते हुए फिरोज आलम नदवी ने कहा, ₹गंगा-जमुनी तहज़ीब एक ऐसा अनमोल धरोहर है जो भारत के विभिन्न धर्मों और संस्कृतियों के बीच सौहार्द और एकता का प्रतीक है। यह हमें यह सिखाती है कि हम सभी अपनी विविधताओं के बावजूद एक साथ मिलकर रह सकते हैं और दूसरों का सम्मान करना हमारी जिम्मेदारी है।

- फैसल एजुकेशनल सोसाइटी के चेयरमैन फिरोज आलम नदवी ने रमज़ान के धार्मिक और सामाजिक महत्व को किया उजागर

उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि रमज़ान हमें न केवल अपनी आध्यात्मिकता को प्रगाढ़ करने का अवसर देता है, बल्कि यह हमें अपने सामाजिक कर्तव्यों को भी याद दिलाता है। फिरोज आलम नदवी ने रमज़ान के दौरान सभी मुसलमानों से अपील की कि वे अपने दिलों में सहानुभूति, दया और करुणा की भावना को बढ़ावा दें, अपने गुनाहों से माफी मांगें, और दुनिया में सकारात्मक बदलाव लाने के लिए एकजुट होकर काम करें। उन्होंने रमज़ान के इस पाक महीने में अल्लाह से दुआ की कि सभी मुसलमानों की इबादत स्वीकार हो, और समाज में शांति, प्रेम और सहयोग का वातावरण बने।

## संक्षिप्त खबरें

### युवा चौपाल कार्यक्रम की सफलता को लेकर बैठक



लोकतंत्र की आवाज
ताजपुर/समस्तीपुर। 05 मार्च को पटना के मिलर हाई स्कूल के मैदान में युवा राजद द्वारा प्रस्तावित युवा चौपाल कार्यक्रम की सफलता हेतु जिला समस्तीपुर संगठन उजियारपुर के जिला प्रधान महासचिव मो माहताब अलम( विक्की)की अध्यक्षता में बैठक मोरवा के विधायक रणविजय साहू के आवासीय परिसर में की गई जिसमें सभी प्रखंड अध्यक्ष, जिला उपाध्यक्ष, जिला महासचिव सभी ने एक स्वर कार्यक्रम को सफल बनाने पे निर्णय लिया। इस बैठक में कौशलेंद्र कुमार, संतोष यादव, मो राजा, सुजीत यादव, मो मजहर, नूर आलम, पूंज्य कुमार, मनोज कुशवाहा, रजनीश कुमार, अनिल कुशवाहा, शशि रंजन ईत्यादि युवा साथी मौजूद थे।

### जनपद न्यायाधीश ने 8 मार्च को होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत को सफल बनाने हेतू क्षेत्राधिकारियों के साथ बैठक की



लोक तंत्र की आवाज
उरई जालौन । उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में 8 मार्च 2025 को आयोजित की जाने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत की सफलता सुनिश्चित किये जाने हेतु आज माननीय जनपद न्यायाधीश श्री अचल सचदेव के निर्देशन में जिले के समस्त पुलिस क्षेत्राधिकारी के साथ समन्वय बैठक सम्पन्न हुयी। अपर जिला जज/सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्री राजीव सरन ने उपस्थित पुलिस क्षेत्राधिकारी को निर्देशित किया कि आप अपने स्तर से सभी थानों के प्रभारी निरीक्षक/थानाध्यक्षों को इस आशय का निर्देश निर्गत करें कि वे विभिन्न न्यायालयों से निर्गत सम्मन/नोटिसों का तामीला शत्प्रतिशत कराना सुनिश्चित करें, क्यों कि यह तथ्य संज्ञान में आया है कि कतिपय थानों से सम्मन/नोटिसों का तामीला सही ढंग से नहीं कराया जाता है। इस सम्बन्ध में ढिलाई न बरती जाये। माननीय उ0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊसे प्राप्त गाइड—लाइन्स के अनुपालन में विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं/ विधिक जागरूकता कार्यक्र्मों में प्रशासन एवं अन्य विभागों का सहयोग बनाने तथा ग्रामीण एवं शहरीय क्षेत्रों में कार्यरत पैरालीगल वालंटियर्स को उनके कार्यों में आवश्यक सहयोग देने हेतु उपस्थित क्षेत्राधिकारी पुलिस को निर्देशित किया गया। बैठक में उपस्थित जिले के क्षेत्राधिकारी पुलिस ने पूर्ण सहयोग दिये जाने का आश्वासन दिया गया। बैठक में पुलिस क्षेत्राधिकारी उरई श्रीमती अर्चना सिंह, पुलिस क्षेत्राधिकारी जालौन श्री शैलेन्द्र वाजपेयी उपस्थित रहे।

### दिल्ली—बंगाल से भी पीछे यूपी! राष्ट्रीय खेलों में खराब प्रदर्शन पर खेल मंत्री ने कही ये बात



लोक तंत्र की अवाज
रत्ना
लखनऊ। राष्ट्रीय खेलों में उत्तर प्रदेश के खराब प्रदर्शन पर खेल मंत्री गिरीश चंद्र यादव ने नाराजगी जताई है। यूपी को कुल 56 पदक मिले हैं जिसमें 13 स्वर्ण 20 रजत और 23 कांस्य पदक शामिल हैं। दिल्ली पश्चिम बंगाल कर्नाटक मणिपुर और उत्तराखंड जैसे राज्यों से भी यूपी पीछे है। खेल मंत्री ने प्रदर्शन सुधारने के निर्देश दिए हैं । राजधानी में बीबीडी बैडमिंटन एकेडमी में प्रदेशीय खेल संघों के पदाधिकारियों के साथ आयोजित बैठक में उन्होंने प्रदर्शन सुधारने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रदेशीय खेल संघों से यह उम्मीद की जाती है कि वह राष्ट्रीय खेलों में उत्कृष्ट खिलाड़ी भेजें ताकि वह अच्छा प्रदर्शन कर मेडल प्राप्त कर सकें। खेल मंत्री ने कहा कि जिला व मंडल स्तर पर आयोजित प्रतियोगिताओं का व्यापक प्रचार—प्रसार किया जाए, ताकि ग्रामीण क्षेत्रों के युवा अधिक से अधिक इसमें प्रतिभाग कर सकें। जिला व मंडल स्तर पर खिलाड़ियों को बेहतर ढंग से प्रशिक्षण दिया जाए और किट उपलब्ध कराई जाए।

# बीएल वर्मा छात्रवृत्ति योजना से छात्रों के ख्वाबों में लगेंगे पंख, गरीब बच्चे उच्च शिक्षा में बढ़ेंगे आगे

## प्रो सुधाकर वर्मा के पिता जी के स्मृति कार्यक्रम में बोले विधायक

लोकतंत्र की आवाज

**राकेश पाण्डेय**

**सीतापुर।** बीएल वर्मा छात्र वृत्ति योजना गरीब बच्चों के लिए उच्च शिक्षा हेतु द्वार खोलेगी। इस योजना से छात्रों के ख्वाबों में पंख लगेंगे। जो देश की प्रगति में वरदान साबित होगी। यह बात बी एल वर्मा छात्र वृत्ति योजना के विमोचन के अवसर पर सिधौली के न्यू वे पब्लिक स्कूल में बतौर मुख्य अतिथि क्षेत्रीय विधायक मनीष रावत ने लोगों को सम्बोधित करते हुए कही।उन्होंने आगे कहा कि यह योजना लखनऊ विश्वविद्यालय महाविद्यालय विकास परिषद में असिस्टेंट डीन प्रो. सुधाकर वर्मा द्वारा अपने पिताजी बी. एल. वर्मा की स्मृति में प्रारंभ की गई है। इस योजना का मुख्य उद्देश्य आर्थिक रूप से कमजोर लेकिन मेधावी विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा प्राप्त करने के लिए आर्थिक सहायता प्रदान करना है।



हमारे क्षेत्र में कई ऐसे प्रतिभावान छात्र हैं,जो नब्बे प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने के बावजूद आर्थिक कठिनाइयों के कारण उच्च शिक्षा ग्रहण नहीं कर पाते। इस छात्रवृत्ति योजना से उन्हें संजीवनी मिलेगी।मैंने भी व्यक्तिगत रूप से कई विद्यार्थियों की आर्थिक सहायता की है, और मुझे खुशी है कि सुधाकर वर्मा ने इस दिशा में एक ऐतिहासिक पहल की है। यह योजना निश्चित रूप से जरूरतमंद छात्रों के लिए वरदान साबित होगी।

विशिष्ट अतिथि शिक्षाविद आर.डी. वर्मा ने कहा जब कोई व्यक्ति अपने पिता की स्मृति में समाज और विद्यार्थियों के हित में ऐसा कार्य करता है,तो वह अत्यंत अभिनंदनीय होता है।यह योजना निश्चित रूप से जनपद के विद्यार्थियों के लिए लाभदायक सिद्ध होगी और उन्हें उच्च शिक्षा ग्रहण करने का अवसर प्रदान करेगी।

छात्रवृत्ति योजना के संस्थापक प्रो. सुधाकर वर्मा ने कहा कि इस योजना का मुख्य उद्देश्य जिले के विद्यार्थियों को धन के अभाव में शिक्षा से वंचित न होने देना है।उन्होंने कहा हमारी कोशिश है कि किसी भी प्रतिभाशाली विद्यार्थी की शिक्षा आर्थिक कारणों से बाधित न हो। इस छात्र वृत्ति योजना के तहत छात्रों का चयन पूरी तरह से योग्यता आधारित होगा। इसके लिए एक टेस्ट आयोजित किया जाएगा, जिसमें विद्यार्थियों को ऑन लाइन या ऑफलाइन आवेदन करना होगा।टेस्ट के आधार पर मेरिट सूची तैयार की जाएगी और उसी के अनुसार छात्रवृत्ति प्रदान की जाएगी।शिक्षा जगत से जुड़े अन्य गणमान्य व्यक्तियों की प्रतिक्रिया नंद किशोर कैलाश चंद्र महा विद्यालय के संस्थापक राकेश कुमार ने कहा कि इस योजना के माध्यम से मेधावी विद्यार्थियों को आगे बढ़ने का सुनहरा अवसर मिलेगा।

महाविद्यालय के निदेशक संतोष कुमार ने कहा कि ₹इस योजना का जितना अधिक प्रचार—प्रसार किया जाएगा, उतने ही अधिक विद्यार्थी इसका लाभ प्राप्त कर सकेंगे। कार्यक्रम का संचालन करते हुए प्रवक्ता चंद्रशेखर प्रजापति ने कहा कि प्रो. सुधाकर वर्मा विद्यार्थियों के हित में सदैव नए—नए नवाचार करते रहते हैं,और यह योजना निश्चित रूप से जिले के लिए एक ऐतिहासिक उपलब्धि है।आवेदन प्रक्रिया और परीक्षा विवरण इच्छुक विद्यार्थी ऑनलाइन/ऑफलाइन माध्यम से आवेदन कर सकते हैं।एक योग्यता परीक्षा आयोजित की जाएगी।परीक्षा के आधार पर मेरिट सूची तैयार की जाएगी।चयनित विद्यार्थियों को बी.एल. वर्मा छात्रवृत्ति योजना के अन्तर्गत प्रति माह छात्रवृत्ति प्रदान की जाएगी।बी.एल. वर्मा छात्रवृत्ति योजना एक ऐतिहासिक कदम है,जो न केवल विद्यार्थियों के भविष्य को उज्ज्वल बनाएगी, बल्कि समाज में शिक्षा के महत्व को भी बढ़ावा देगी। इस योजना से जुड़ी विस्तृत जानकारी प्राप्त करने एवं आवेदन करने के लिए इच्छुक विद्यार्थी सम्बन्धित महाविद्यालयों या आयोजकों से संपर्क कर सकते हैं। इस अवसर पर पुष्पेंद्र सिंह, प्रबंधक सज्जाक हुसैन, विमल राजपूत, मोहम्मद सलमान,पूजा सिंह वर्मा, अशफाक सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

# पिता ने सिर में गोली मारकर खुदकुशी की

लोक तंत्र की आवाज

उरई जालौन । उरई कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत मोहल्ला पटेल नगर में पिता और पुत्र के बीच जमीन को लेकर आपस में विवाद हो गया और विवाद इतना बढ़ गया कि पिता ने खुद को तमंचा से गोली मारकर खुदखुशी कर ली प्राप्त जानकारी के अनुसार एक पारिवारिक विवाद ने गंभीर मोड़ ले लिया। खेती को लेकर हुए विवाद के बाद 55 वर्षीय किसान ने खुद को गोली मार ली। मृतक की पहचान महेश कुशवाहा के रूप में हुई है। महेश कुशवाहा पिछले 25 वर्षों से उरई के मोहल्ला पटेल नगर में रह रहे थे। वे पहले गुजरात की रोलिंग फैक्ट्री में काम करते थे। पत्नी द्रोपदी की मृत्यु के बाद वे घर पर रहकर पशुपालन कर रहे थे।



शनिवार की सुबह उनके पुत्र सूरज ने चार बीघा खेती को बंटाई पर न देने की बात कही। इस पर पिता—पुत्र में विवाद हो गया। महेश घर से चले गए और शाम को लौटे। पुत्र और बहू के खाना खाने के आग्रह पर उन्होंने नाराजगी जताई और कमरे में चले गए। विवाद के बाद सूरज घर से बाहर चला गया। कुछ देर बाद गोली चलने की आवाज सुनकर बहू सीमा कमरे में पहुंची। वहां महेश लहूलुहान हालत में पड़े थे और कमरे के बाहर तमंचा पड़ा था। स्थानीय लोगों ने पुलिस को सूचना दी। सीओ अर्चना सिंह और शहर कोतवाली प्रभारी निरीक्षक अरुण कुमार राय ने मौके पर पहुंचकर घटना की जानकारी की । पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

**पूरा मामला उरई कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला पटेल का है :** सी ओ सिटी अर्चना सिंह ने बताया कि महेश ने सिर में गोली मारकर खुदकुशी की है। हर बिंदु पर गहनता से जांच की जा रही है, और जो भी साक्ष्य मिलेंगे साक्ष्यों के आधार पर कार्यवाही की जाएगी वहीं पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर शव को पोस्टमार्टम को भेज दिया है, वही आत्महत्या के कारणों को जानने का प्रयास किया जा रहा है। पुलिस पूरे मामले की गंभीरता पूर्वक जांच कर रही है।

# सक्षमता परीक्षा-2 उत्तीर्ण विशिष्ट शिक्षकों को मिला नियुक्ति पत्र

लोकतन्त्र की आवाज

**केदार नाथ पाण्डेय**

**भागलपुर।** भागलपुर के समीक्षा भवन में जिलाधिकारी डॉ0 नवल किशोर चौधरी की अध्यक्षता में शिक्षा विभाग, बिहार सरकार द्वारा आयोजित सक्षमता परीक्षा—2 में जिले के उत्तीर्ण विशिष्ट शिक्षकों को नियुक्ति पत्र प्रदान करने हेतु विशिष्ट शिक्षक नियुक्ति पत्र वितरण समारोह का आयोजन किया गया।



सर्वप्रथम नियुक्ति पत्र वितरण समारोह का उद्घाटन जिलाधिकारी डॉ0 नवल किशोर चौधरी, विधान पार्षद डॉ एन के यादव, माननीय विधायक ललन कुमार, माननीय जिला परिषद अध्यक्ष मिथुन कुमार यादव, भागलपुर नगर निगम के माननीय मेयर डॉ वसुंधरा लाल के कर कमलों से दीप प्रज्वलित करकिया गया।

इस अवसर पर कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि सक्षमता परीक्षा पार्ट– 2 में उत्तीर्ण जिले के 1152 विशिष्ट शिक्षकों को आज औपबंधिक नियुक्ति पत्र प्रदान किया जा रहा है, जिसमें जिला स्तर पर 100 शिक्षकों को सांकेतिक रूप से नियुक्ति पत्र का वितरण किया जा रहा है शेष शिक्षकों को प्रखंड स्तर पर आयोजित नियुक्ति पत्र वितरण समारोह में नियुक्ति पत्र वितरण किया जा रहा है।


उन्होंने समारोह में उपस्थित सभी शिक्षकों को शुभकामनाएं एवं बधाई दी। उन्होंने शिक्षकों से कहा कि लोकतंत्र में हम अपने अधिकारों के प्रति सजग रहते हैं लेकिन अपने कर्तव्यों के प्रति सजग नहीं रहते हैं। उन्होंने कहा कि यदि हम अपने कर्तव्यों के प्रति सजग रहें तो हम हमें अधिकार मांगने की जरूरत ही नहीं पड़ेगी। अधिकार हमें स्वयं मिल जाएगा। उन्होंने कहा कि यहां उपस्थित लोगों में से 90% लोगों की पढ़ाई सरकारी स्कूलों में हुई है। और हम सभी जानते हैं उस समय सरकारी स्कूलों में पढ़ाई की जो स्थिति थी और शिक्षकों का समाज में जो सम्मान था। पुनः वही प्रतिष्ठा समाज में कैसे प्राप्त किया जाए यह हमें सोचना पड़ेगा।

हमें अपने कार्य प्रणाली पर विचार करना पड़ेगा उन्होंने कहा कि हमें पढ़ाई की स्थिति को बेहतर करना पड़ेगा, बिहार के बच्चे मेघावी और परिश्रमी होते हैं। उन्हें उभारने एवं एक सही आकार देने की जरूरत है। यदि हमारे शिक्षक पूरी निष्ठा से पढ़ना शुरू कर दे तो बिहार के बच्चों को आगे बढ़ने से कोई रोक नहीं सकेगा। कार्यक्रम में आयुक्त के सचिव श्री अनिल कुमार राय, अपर समाहर्ता श्री महेश्वर प्रसाद सिंह, जिला शिक्षा पदाधिकारी श्री राजकुमार शर्मा संयुक्त निदेशक जनसंपर्क नागेंद्र कुमार गुप्ता उपस्थित सहित संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

# रमजान 2025 मुबारक, अपनों को दें खुशियों और दुआओं की सौगात

लोक तंत्र कीआवाज

**नवादा।** रमजान का पवित्र समय खुदा की इबादत का महीना माना जाता है। इस वर्ष रमज़ान 2 मार्च से प्रारंभ होगा। रमजान की तिथि चांद के दीदार के बाद तय होता है। इस पवित्र महीने को नेकियों का महीना भी कहा जाता है। इस अवसर पर आप भी इस पवित्र महीने में खुदा की इबादत करते हुए अपने मित्रों को रमजान की शुभकामनाएँ देने के लिए ये कोट्स और बधाई संदेश भेज सकते हैं। रमजान के महीने में चांद का अत्यधिक महत्वपूर्ण स्थान होता है। रमजान की शुरुआत के साथ ही लोग अपने प्रियजनों को रमजान की शुभकामनाएं भेजते हैं। आप भी इन संदेशों के माध्यम से अपने अपनों को रमजान की दिल से बधाई दे सकते हैं।




खुदा की रहमतों का खजाना! रमजान का महीना खुदा की रहमतों का खजाना है! इसे इबादत से भर लें ताकि दिल और आत्मा दोनों रोशन हों। रमजान 2025 की मुबारकबाद!
सबर और शुक्र का यह महीना हर गुनाह को मिटाने और हर दुआ को कबूल करने का वादा लाता है!
रमजान वो रोशनी है जो अंधेरे को मिटाकर नेकी की राह दिखाता है।
रमजान 2025 मुबारक!
चांद से शुरू यह पवित्र महीना हर दिल को अल्लाह की याद से भर देता है।
रमजान 2025 की ढेर सारी मुबारकबाद।
रमजान में हर रोजा एक कदम है जन्नत की ओर, इसे पूरी शिद्दत से अपनाएं।
रमजान 2025 मुबारक हो।
चांद से रोशन हो रमजान तुम्हारा,
इबादत से भर जाए रोजा तुम्हारा!
हर दुआ हो कबूल तुम्हारी, यही है
अल्लाह से गुजारिश हमारी.
रमजान 2025 मुबारक।
रमजान का यह पाक महीना आपके जीवन में शांति!
खुशहाली और बरकत लेकर आए।
अल्लाह आपकी हर नेकी को कबूल करे!
रोजा आपके गुनाहों को मिटाए!
सब्र और इबादत का यह महीना आपके दिल को सुकून दे!
हर रोजा आपके गुनाहों को मिटाए!
रमजान की रहमतें आपके घर आंगन में बरसें!
हर दुआ पूरी हो और जन्नत नसीब हो।
रमजान 2025 की दिली मुबारकबाद।

## खुशखबरी! इन शहरों को जलभराव की समस्या से मिलेगी निजात, मुख्यमंत्री योगी ने 16 विकास परियोजनाओं को दी मंजूरी



लोक तंत्र की अवाज
रत्ना
लखनऊ। यूपी के शहरों में बारिश के दौरान जलभराव की समस्या से निपटने के लिए सीएम योगी आदित्यनाथ ने बड़ी पहल की है। मथुरा मुरादाबाद आजमगढ़ और गाजियाबाद में 16 प्रमुख विकास परियोजनाओं को मंजूरी दी गई है। इन परियोजनाओं के तहत शहरी बस्तियों में जल निकासी व्यवस्था को दुरुस्त किया जाएगा। इसके साथ ही बुनियादी सुविधाओं को भी मजबूत बनाया जाएगा। इसके लिए 1.69 करोड़ रुपये से अधिक धनराशि स्वीकृति की गई है। इन परियोजनाओं के माध्यम से शहरी बस्तियों में बुनियादी सुविधाओं को मजबूत करने का काम किया जा रहा है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जलभराव की समस्या न हो, इसके लिए अभी से आवश्यक प्रबंध किए जाने का निर्देश दिया है। सड़क व नाली निर्माण के कार्य समय से पूरे किए जाने के साथ ही स्वच्छता, पेयजल व अन्य नागरिक सुविधाओं पर जोर दिया जा रहा है।

# गिरिडीह सदर प्रखंड के बाल विकास परियोजना गिरिडीह (शहरी) में सिर्फ और सिर्फ गड़बड़ झाला

लोकतंत्र की आवाज

**विक्रम कुमार मिश्रा (ब्यूरो चीफ)**

**गिरिडीह,झारखंड।** आप एकीकृत बाल विकास सेवा या एकीकृत बाल विकास योजना जिसकी शुरुआत 1975 में की गई थी यह सभी लोग जानते हैं कि यह भारत सरकार की एक सरकारी योजना है और गौर करेंगे कि इसमें 6 वर्ष से कम आयु के बच्चों बच्चों की मां को भोजन ,पूर्व विद्यालय शिक्षा प्राथमिक स्वास्थ्य सेवा टीकाकरण, स्वास्थ्य जांच तथा रेफरल सेवाएं प्रदान करती है रेफरल यानी कि विशेषज्ञ की सेवाएं प्रदान करती है।



अब इतनी सारी सुविधाएं होने के बावजूद भी आप शहरी क्षेत्र में अपनी नजर दौड़ा ले खासकर 6 वर्ष से कम उम्र के बच्चों पर लेकिन गिरिडीह प्रखंड अंतर्गत बाल विकास परियोजना शहरी में लूट खसोट मची हुई है कार्यालय में पदाधिकारी मिलेंगे नहीं यदि मिले तो बात कल पर टाल देंगे वैसे बता दे कि इसी कार्यालय से लगातार इस गर्मी में स्वेटर का वितरण धड़ल्ले से किया जा रहा है अभी गर्मी में स्वेटर कौन बच्चे पहनेंगे यह तो बच्चे जाने और उनकी माताजी परंतु सूत्रों की माने तो वास्तव में यह हड़बड़ी वित्त वर्ष 2024 25 की होने वाली समाप्ति को लेकर है तथा यह स्वेटर नवंबर 2024 को बांटी जानी थी जो भी हो यहां यह ध्यान देना होगा कि यह सारे स्वेटर बच्चों को मिलते हैं या यह हवा में विलीन हो जाते हैं कार्यालय में स्वेटर वितरण तथा अन्य सामान वितरण से संबंधित क्या रिपोर्ट बनाई गई है उसमें क्या डेट्स दिए गए हैं इन सभी बातों पर भी ध्यान देना होगा फिलहाल तो जो माजरा हैं बहुत ही चिंता जनक है।

# बिजनौर मे गंगा एक्सप्रेस-वे की मांग को लेकर नगर कल्याण समिति के सदस्यों ने किया शांतिपूर्ण धरना प्रदर्शन

लोकतंत्र की आवाज़

**रिपोर्ट राजेंद्र चौहान**

**बिजनौर।** नगर पालिका चौराहे पर, नगर कल्याण समिति के सदस्य ने, गंगा एक्सप्रेसवे को बिजनौर से निकाले जाने की मांग को लेकर, हाथो मे नारे लिखे हुए बोर्ड के साथ ,एक शांतिपूर्ण धरने का आयोजन किया।अपनी मांग को लेकर सदस्यों का कहना था कि उत्तर प्रदेश में मां गंगा सबसे पहले बिजनौर से होकर गुजरती है.और इसके अलावा उत्तर प्रदेश के बिजनौर में ही सबसे ज्यादा लगभग 155 किलोमीटर बहती है.



इसके अलावा जनपद बिजनौर का महाभारत कालीन युग से ही, एक विशेष पौराणिक महत्व भी है.और इन्हीं सभी बातों को देखते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने वर्ष 2021 में अपने बिजनौर दौरे के दौरान गंगा एक्सप्रेसवे को बिजनौर से जाने की घोषणा भी करी थी.इसलिए वर्तमान सरकार को, अपनी कथनी और करनी में अंतर न दर्शाते, हुए इसे तुरंत पूरा करना चाहिए.इस दौरान गंगा एक्सप्रेस वे की मांग के नारे के साथ बिजनौर का नगर पालिका चौराहा गुंजायमान रहा. इस अवसर पर नगर कल्याण समिति के अध्यक्ष हसन अब्बास, महासचिव राजीव अग्रवाल, शिखा गुप्ता, अनीता चौधरी, नीरा अग्रवाल, पुष्पा ठाकुर, उषा चौधरी, शालू वार्षणेय, सुमन चौधरी, डॉक्टर के०सी० त्यागी, डॉक्टर भीना बक्शी, श्रीमती राजुल त्यागी, छवि कौशल एवं अन्य कई संस्थाओं के जाने—माने लोग उपस्थित रहे

# शांति एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण मनाएं त्योहार : डीएम

लोक तंत्र की आवाज

**उरई जालौन।** आगामी दिनों में होली, होलिका दहन और रमजान माह को दृष्टिगत रखते हुए जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय व पुलिस अधीक्षक डॉ. दुर्गेश कुमार ने पीस कमेटी की बैठक आयोजित की। विकास भवन के रानी लक्ष्मीबाई सभागार में हुई इस बैठक में विभिन्न धर्मगुरुओं, जनप्रतिनिधियों और गणमान्य नागरिकों के साथ चर्चा कर त्योहारों को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए आवश्यक दिशा—निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी ने जनपद में शांति और सौहार्दपूर्ण माहौल बनाए रखने की अपील करते हुए पुलिस विभाग और अन्य संबंधित विभागों को उनके कार्यों एवं जिम्मेदारियों के अनुरूप त्योहारों की तैयारियों का जायजा लेने के निर्देश दिए। उन्होंने त्योहारों के दौरान संवेदनशील स्थानों की पहचान कर वहां सुरक्षा व्यवस्था चाक—चौबंद करने को कहा।



जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया कि उप जिलाधिकारी, पुलिस क्षेत्राधिकारी और थाना प्रभारी त्योहारों से पहले संवेदनशील क्षेत्रों का निरीक्षण करें। साथ ही, स्थानीय संभ्रांत नागरिकों के साथ बैठक कर सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत बनाएं ताकि किसी भी प्रकार की अप्रिय स्थिति न उत्पन्न हो। होली के दौरान मदिरा की दुकानों की विशेष जांच करने और मिलावटी खाद्य पदार्थों की बिक्री पर रोक लगाने के निर्देश भी दिए गए। जिलाधिकारी ने खाद्य एवं आपूर्ति विभाग को सख्ती से मॉनिटरिंग करने के लिए कहा। जिलाधिकारी ने कहा कि होलिका दहन परंपरागत तरीके से हो और यह सुनिश्चित किया जाए कि दहन स्थल बिजली के तारों के नीचे या प्रमुख सड़कों के बीच न हो। उन्होंने आमजन से अपील की कि धार्मिक भावनाओं का सम्मान करते हुए भाईचारे के साथ त्योहार मनाएं। मुख्य चिकित्सा अधिकारी को निर्देशित किया गया कि जिला अस्पतालों, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों को अलर्ट मोड पर रखा जाए। साथ ही, सभी अस्पतालों में जीवन रक्षक दवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए। नगर पालिका और नगर पंचायतों को त्योहारों के दौरान पानी और बिजली की वैकल्पिक व्यवस्था बनाए रखने के निर्देश दिए गए। उन्होंने सफाई व्यवस्था की लगातार मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए।जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया कि किसी भी नई परंपरा की शुरुआत न की जाए, ताकि जनपद में शांति व्यवस्था बनी रहे।

पुलिस अधीक्षक डॉ. दुर्गेश कुमार ने त्योहारों के दौरान कानून—व्यवस्था बनाए रखने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने पुलिस अधिकारियों को निर्देशित किया कि संवेदनशील इलाकों में सतर्कता बढ़ाई जाए और जरूरत पड़ने पर अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया जाए।पुलिस प्रशासन के अधिकारियों को निर्देश दिया गया कि वे त्योहारों से पहले स्थलीय निरीक्षण करें और स्थानीय जागरूक नागरिकों से संपर्क बनाए रखें। संवेदनशील स्थानों पर विशेष निगरानी रखी जाए ताकि किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना से बचा जा सके।

इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी राजेन्द्र कुमार श्रीवास, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व संजय कुमार, अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे प्रेमचंद मौर्य, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ नरेंद्र देव शर्मा, नगर मजिस्ट्रेट राजेश कुमार वर्मा, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट/उप जिलाधिकारी नेहा ब्याडवाल सहित सम्बंधित अधिकारी व विभिन्न धर्मगुरू, आयोजक, जनप्रतिनिधि और संभ्रांत लोग आदि उपस्थित रहे।

लोकतंत्र की आवाज
स्वयत्ताधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक राजेन्द्र कुमार पांडेय एवं समाचार संपादक धर्मजीत कुमार सिन्हा, प्रभारी संपादक ललित किशोर शर्मा व कार्यपालक संपादक शैलेश कुमार के द्वारा आवाज कंप्यूटराईज प्रिंटिंग प्रेस रामनगर नवादा, पिन–805110 से प्रकाशित किया। यह समाचार पत्र मगध की आवाज का दैनिक डिजीटल संस्करण है। मो. नंबर–9525278483, 6200031466, 9934475082, 6204469540, 9431227058 है किसी भी वाद–विवाद का निपटरा नवादा न्यायालय के अधीन होगा।